हरिभूमि
# रायपुर भूमि
रायपुर, बुधवार 30 अप्रैल 2025

तापमान
अधिकतम 38.5 डिग्री
न्यूनतम 22.8 डिग्री

14 वक्फ बिल पर कल भाजपा की कार्यशाला और बुद्धिजीवी...

18 स्वास्थ्य सेवाओं की समीक्षा, कहा- मातृ-शिशु...


# बायोमेडिकल इंजीनियर ने बैठाया ऐसा गणित, सहयोगी कंपनियों की मिलीभगत से मोक्षित को मिल गया करोड़ों का टेंडर

हरिभूमि न्यूज ▶▶ रायपुर


रीएजेंट और उपकरणों की खरीदी के अरबों के घोटाले में मोक्षित कार्पोरेशन को एल-1 बनाकर करोड़ों का टेंडर दिलाने बायोमेडिकल इंजीनियर क्षिरोद्र रौतिया ने गणित बैठाया था। निविदा में दो सहयोगी कंपनियों की दर ऐसी तय की गई कि सबसे कम रेट वाले मोक्षित कार्पोरेशन को करोड़ों ठेका मिल गया। घोटाले की जांच के दौरान तीन कंपनियों के रीएजेंट, कंज्यूमेबल्स का क्रम, भाषा, टाइपिंग का पैटर्न एक मिला, जिसे ईओडब्लू ने केवल संयोग नहीं माना है। इस घोटाले की तह तक पहुंचाने के लिए ईओडब्लू की टीम ने हर बिंदु पर गहन जांच की है। इस आधार पर आरोपपत्र तैयार कर न्यायालय में चालान प्रस्तुत किया गया है। गड़बड़ी को अंजाम देने के लिए दवा निगम के कर्मचारी मोक्षित कार्पोरेशन के किसी सिंडीकेट की तरह काम करते थे। तीनों कंपनियों का डेमोंस्ट्रेशन होने के बाद जब दवा निगम के एमडी के अनुमोदन के बाद कवर-सी खोला गया, तो उसमें तीनों फर्म का विवरण एक सामान था। इस बिंदु की जांच में तथ्य सामने आया है कि सीजीएमएससी के टेंडर के जानकार बायोमेडिकल इंजीनियर क्षिरोद्र ने कार्टेल बनाकर मोक्षित का रास्ता साफ किया था। आरोप है कि उसके द्वारा पंचकूला की रिकॉर्डर्स एंड मेडिकेयर सिस्टम प्रा. लिमिटेड की अनुमानित दर 100 फीसदी तो ▶▶ शेष पेज 18 पर

हरिभूमि फॉलोअप

### समिति के सदस्यों का कराया हस्ताक्षर

सीजीएमएससी में बायोमेडिकल इंजीनियर का दबदबा इतना था कि मोक्षित के एल-1 होने के बाद अनुबंध की अनुशंसा के लिए निविदा समिति की सार्वजनिक सहमति लेना भी जरूरी नहीं समझा गया। तुलनात्मक सूची तैयार कर उस पर सभी सदस्यों से अलग-अलग हस्ताक्षर ले लिया गया। इसके बाद रीएजेंट और अन्य उपकरणों की सप्लाई का बड़ा खेल खेला गया।

### तीनों कंपनियों के रीएजेंट, कंज्यूमेबल्स के क्रम, भाषा, टाइपिंग का पैटर्न एक, ईओडब्लू ने माना यह केवल संयोग नहीं


डेमोंस्ट्रेशन के लिए 'शक्तिमान' की तरह प्रकट हो गई थी हरियाणा की कंपनी

### डाक्टर भी झांसे में आ गए

इस प्रकरण के दौरान मेडिकल कालेज के एक सीनियर डाक्टर और निविदा समिति के सदस्य को खरीदे जा रहे रीएजेंट की दर पर संदेह हुआ। बाजार से कई सौ गुना अधिक होने का हवाला देकर आपत्ति दर्ज कराई गई। बायोमेडिकल इंजीनियर ने पुरानी निविदा का हवाला देकर मोक्षित की बड़ी कीमत को सही बताकर विश्वास हासिल कर हस्ताक्षर ले लिया।

## खबर संक्षेप

### उरकुरा में पैदल जा रहे दो लोगों ने ट्रक ने कुचला, एक की मौत

**रायपुर।** खमतराई थाना क्षेत्र में उरकुरा के पास एक ट्रक ने पैदल जा रहे दो लोगों को अपनी चपेट में ले लिया, जिससे एक की मौके पर ही मौत हो गई, वहीं दूसरा गंभीर रूप से घायल है। खमतराई थाना प्रभारी ने बताया कि घटना मंगलवार रात करीब 9 बजे की है। उरकुरा के पास दो व्यक्ति पैदल जा रहे थे। इसी दौरान एक अनियंत्रित ट्रक ने दोनों को टक्कर मार दी। इस घटना में एक व्यक्ति की मौत हो गई, वहीं दूसरा गंभीर रूप से घायल है, जिसे उपचार के लिए अस्पताल में दाखिल कराया गया है। उन्होंने बताया कि घटना के बाद ट्रक को जब्त कर चालक को गिरफ्तार कर लिया है। मृतक एवं घायल की अब तक पहचान नहीं हो पाई है।

### चाकू-खुखरी के साथ दो बदमाश गिरफ्तार




**रायपुर।** गुढ़ियारी पुलिस ने चाकू और खुखरी लेकर घुमते हुए दो युवकों को गिरफ्तार किया है। इनमें अजीत बंजारे निवासी मां दुर्गा स्कूल के पास भवानी नगर कोटा को कोटा रोड के पास चाकू लेकर आम लोगों को डराते हुए गिरफ्तार किया है, वहीं दूसरा आरोपी नयन ठाकुर निवासी बच्चन चौक कुंदरापारा को सीएसईबी गेट के पास खुखरी लेकर आम लोगों को डराते गिरफ्तार किया है। दोनों को धारा 25, 27 आर्म्स एक्ट के तहत अपराध पंजीबद्ध कर कोर्ट में पेश कर जेल भेज दिया गया।

### व्यापारी से एक करोड़ से अधिक की ठगी

**रायपुर।** करोड़ों रुपए के चूना एवं पत्थर की खरीदी कर भुगतान नहीं करने के मामले में सरस्वती नगर पुलिस ने धोखाधड़ी का केस दर्ज किया है। प्रार्थी रवि नंदी वृंदावन सोसायटी अमलीडीह ने थाने में शिकायत की है कि आरोपी प्रकाशचंद्र राय ने बीआरके डेवलपर एंड माइनर पीवीटीएलटीडी कंपनी से 1 करोड़ 29 लाख रुपए कीमत के चूना व पत्थर की खरीदी कर रकम का भुगतान नहीं किया। पुलिस ने इस मामले में आरोपी के खिलाफ धारा 420 के तहत अपराध पंजीबद्ध किया है।

पांच साल बाद छिंदवाड़ा में पकड़ा गया जालसाज, लाया गया रायपुर

# राज्यपाल के फर्जी लेटरपैड से विधायकों की खरीद-फरोख्त का जिक्र, अफसरों को नोटिस

हरिभूमि न्यूज ▶▶ रायपुर

छत्तीसगढ़ की राजधानी रायपुर स्थित राजभवन में जालसाजी कर फरार हुआ आरोपी अजय वर्मा उर्फ अजय रामदास मध्यप्रदेश के छिंदवाड़ा में गिरफ्तार हुआ है। वह पिछले 5 साल से फरार था। उसकी गिरफ्तारी की सूचना मिलते ही रायपुर पुलिस की टीम सोमवार को ही छिंदवाड़ा के लिए रवाना हो गई थी, जिसे अपनी कस्टडी में लेकर मंगलवार शाम को रायपुर लेकर पहुंची है। आरोपी अजय वर्मा ने राजभवन में तत्कालीन राज्यपाल अनुसूइया उईके के नाम का लेटर पैड चोरी कर उनके दस्तखत के साथ फर्जी लेटर जारी किए गए थे, जिसके कारण प्रदेश में हड़कंप भी मचा था। बाद में इस फर्जी लेटर को लेकर सिविल लाइन थाने में रिपोर्ट दर्ज कराई गई, जिसकी जांच में पता चला था कि ये फर्जी लेटर अजय वर्मा ने जारी किए थे। इसके बाद उसके खिलाफ मामला दर्ज कर उसे तलाश किया जा रहा था।

पुलिस से मिली जानकारी के अनुसार यह मामला वर्ष 2019 का है। उस समय छत्तीसगढ़ की राज्यपाल अनुसूइया उईके थीं। बताया गया है कि खुद को महामंडलेश्वर उपाधि प्राप्त बताने वाला अजय वर्मा उर्फ रामदास का राजभवन में आना-जाना था। इस दौरान उसने किसी तरह राजभवन से राज्यपाल का लेटर पैड चोरी कर लिया और उसी लेटर पैड में राज्यपाल के नाम से फर्जी दस्तखत कर कई फर्जी पत्र भी जारी किए थे। इन पत्रों में विधायकों की खरीद-फरोख्त की बातें लिखी हुई थीं, जिसके कारण इस पत्र के वायरल होने से प्रदेश की सियासत व राजनीति में घमासान भी मचा था। हालांकि इस फर्जी पत्र के वायरल होने के तुरंत बाद राजभवन सचिवालय ने तत्काल एक्शन भी लिया और इस मामले में सिविल लाइन थाने में रिपोर्ट भी दर्ज कराई गई। यह रिपोर्ट राज्यपाल के विशेष सचिव की ओर से दर्ज कराई गई थी। इस रिपोर्ट के आधार पर जब मामले की जांच पड़ताल की गई, तो पता चला कि यह फर्जी पत्र अजय ने ही जारी किए थे। इधर इस फर्जी लेटर जारी करने के बाद अजय फरार हो गया था, जिसकी लगातार तलाश में पुलिस जुटी हुई थी।

## सिविल लाइंस थाने में दर्ज कराई गई थी रिपोर्ट

### कई प्रशासनिक अफसरों को भी जारी किया गया था फर्जी नोटिस

पुलिस सूत्रों के अनुसार अजय वर्मा ने राज्यपाल के नाम से विधायकों की खरीद-फरोख्त करने संबंधी फर्जी पत्र जारी करने के साथ कई प्रशासनिक अफसरों को फर्जी नोटिस भी जारी किए थे, जिसके कारण अफसरों में भी हड़कंप मचा था। हालांकि इस पत्र की असलियत जब सामने आई, तब जाकर नोटिस पाने वाले अफसरों ने भी राहत की सांस ली थी।

### छिंदवाड़ा में भी 420 का केस दर्ज

छिंदवाड़ा पुलिस अफसर ने आरोपी अजय वर्मा की गिरफ्तारी को लेकर प्रेस कांफ्रेंस ली है, जिसका विडियो भी सामने आया है। इस विडियो में पुलिस अफसर ने बताया है कि अजय के खिलाफ छिंदवाड़ा के एक थाने में भी 420 का प्रकरण दर्ज है। इसके अलावा भी उसके खिलाफ अन्य अपराध दर्ज होने की जानकारी मिल रही है, जिसके बारे में पता लगाया जा रहा है।




### दूसरे राज्यों की पुलिस से भी मांगा गया था सहयोग

देश में संभवतः यह पहला मामला होगा, जिसमें किसी राज्य के राज्यपाल का लेटर पैड चोरी कर फर्जी पत्र जारी किए गए। इस फर्जी पत्र के जारी होने के बाद रायपुर पुलिस ने प्रदेश के सभी जिलों की पुलिस के साथ दूसरे राज्यों की पुलिस से भी आरोपी को पकड़ने के लिए सहयोग मांगा था। राज्यपाल से मामला जुड़ा होने के कारण दूसरे राज्य की पुलिस भी लगातार आरोपी को तलाश रही थी। इसी बीच मध्यप्रदेश की छिंदवाड़ा पुलिस को अजय के वहां छिपे रहने का सुराग मिला, जिसके बाद पुलिस ने घेराबंदी कर उसे गिरफ्तार किया।

अभी नहीं सुधरेगा मौसम का मिजाज

# माना में ओले गिरे, शहर में चली आंधी, कई शहरों में तेज बारिश

- शाम होते ही बदल रहा मौसम दिन की गर्मी से मिल रही राहत
- मई के प्रथम सप्ताह में भी तेज गर्मी पड़ने की संभावना कम



हरिभूमि न्यूज ▶▶ रायपुर

द्रोणिका के सक्रिय होने की वजह से प्रदेश का मौसम अभी सुधरने वाला नहीं है। मंगलवार को भी प्रदेश के विभिन्न शहरों में बारिश, अंधड़ और ओलावृष्टि की गतिविधि बनी रही है। राजधानी का मौसम शाम के बाद बदला और यहां 40 किमी. घंटे की रफ्तार से आंधी चली। माना इलाके में कुछ देर तक बारिश हुई और ओले भी पड़े। शाम होते ही बदलने वाले मौसम से दिन की गर्मी में राहत मिल रही है और ऐसी स्थिति मई के प्रथम सप्ताह में भी रहने की उम्मीद है।

प्रदेश का मौसम पिछले चार दिन से बदला हुआ है और लोग तेज गर्मी से राहत महसूस कर रहे हैं। मौसमी तंत्रिकाओं के सक्रिय होने की वजह से प्रदेश में लगातार किसी ना किसी हिस्से में अंधड़, बारिश और ओलावृष्टि हो रही है। पिछले चौबीस घंटे में ऐसा ही मौसम बना रहा। पेंड्रा इलाके में 5 सेमी. बारिश के साथ ओलावृष्टि होती रही। इसके बाद बालोद, गुरुर, डौंडीलोहारा में तेज आंधी के साथ वर्षा हुई। इस गतिविधि पर विराम नहीं लग पाया कि धमतरी इलाके में आंधी, बारिश के बाद ओलावृष्टि हो गई। इसी तरह विभिन्न जिलों में भी हल्की से मध्यम बरसात की स्थिति बनी रही। शाम होने के बाद राजधानी में मौसम का मूड बदला और यहां चालीस किमी. प्रतिघंटे की रफ्तार से हवा चली। कुछ एक इलाके में छींटे पड़े, मगर ज्यादा असर दस किमी दूर माना में हुआ और वहां बीस मिनट की बारिश के ▶▶ शेष पेज 18 पर

### दुर्ग 39.4 डिग्री पर

मंगलवार को दुर्ग का सर्वाधिक तापमान 39.4 डिग्री दर्ज किया गया है प्रदेश में सर्वाधिक था। इसके अलावा रायपुर सोमवार की तरह 38.5 डिग्री से आगे नहीं बढ़ सका। जगदलपुर, पेंड्रा और बिलासपुर में दिन का तापमान सामान्य से काफी नीचे जा चुका है जिसकी वजह वहां गर्मी बेहद कम है। बदले मौसम का ज्यादा असर बस्तर के विभिन्न हिस्सों में रहा और वहां लगातार बारिश की गतिविधि जारी है।

*राज्य के डीजीपी गौतम सीआरपीएफ के डीजी भी शामिल*

# आईबी चीफ ने की उच्च स्तरीय गुप्त बैठक नक्सल विरोधी ऑपरेशन पर मंथन

हरिभूमि न्यूज ▶▶ रायपुर

इंटेलीजेंस ब्यूरो (आईबी) के प्रमुख तपन डेका की मौजूदगी में मंगलवार को राज्य पुलिस मुख्यालय में एक उच्च स्तरीय गुप्त बैठक हुई। बताया गया है कि इस बैठक में छत्तीसगढ़ में चल रहे नक्सल विरोधी ऑपरेशन को लेकर तथा अभियान के अगले चरण को लेकर गंभीर मंथन हुआ है।

इस बैठक में छत्तीसगढ़ के पुलिस महानिदेशक अरुणदेव गौतम, सीआपीएफ के डीजी, एसएसबी समेत पैरा मिलिट्री फोर्स के वरिष्ठ अधिकारी शामिल थे। खास बात ये है कि यह बैठक पूरी तरह से गोपनीय थी। इस बैठक के संबंध में मीडिया को आधिकारिक जानकारी नहीं दी गई है।





- नक्सल अभियान पर उच्च स्तरीय गोपनीय बैठक

छत्तीसगढ़ इस समय देश के सबसे बड़े नक्सल ऑपरेशन का मैदान बना हुआ है। ऐसे में इंटेलिजेंस ब्यूरो (आईबी) के मुखिया तपन डेका का राज्य दौरा बेहद अहम माना जा रहा है। देश के सबसे बड़े खुफिया अधिकारी की अचानक एंट्री ने सुरक्षा गलियारों में हलचल बढ़ा दी है। राज्य में यह बैठक इसलिए भी अत्यंत महत्वपूर्ण मानी जा रही है क्योंकि इस समय छत्तीसगढ़ के बीजापुर जिले के कुर्रेगुट्टा की पहाड़ियों में पिछले 8 दिनों से बड़े स्तर पर नक्सल ऑपरेशन चल रहा है।

ऑपरेशन की खास बात यह है कि इसमें सिर्फ छत्तीसगढ़ ही नहीं, बल्कि महाराष्ट्र और तेलंगाना के सुरक्षा बल भी शामिल हैं। इस अभियान में 10,000 से ज्यादा जवान उतरे हैं, जिन्होंने करीब 1,500 सशस्त्र नक्सलियों को घेर रखा है। इसके साथ ही कश्मीर के पहलगाम में आतंकी हमले को लेकर देशभर में अलर्ट रखा गया है। छत्तीसगढ़ भी इससे अछूता नहीं है। इस ▶▶ शेष पेज 18 पर

### करीब ढाई घंटे चली बैठक

सूत्रों के अनुसार बैठक में अबतक के सबसे बड़े नक्सली विरोधी चलाए जा रहे ऑपरेशन की अबतक की कार्यवाही और आगामी दिनों में किए जाने वाले ऑपरेशन के ब्लू प्रिंट रखकर हुई लंबी चर्चा हुई है। यही नहीं छत्तीसगढ़ के पड़ोसी राज्य भी नक्सलियों के खिलाफ संयुक्त अभियान में जुटे हैं। ऐसे में आईबी प्रमुख की बैठकों में राज्यों के बीच सूचनाओं के अदान-प्रदान पर भी जोर दिया गया है। यह काम इंटर स्टेट को-आर्डिनेशन कमेटी के माध्यम से किया जाना है।




# हिरण के सिर-सींग के साथ दो तस्कर गिरफ्तार, शिकार करने की आशंका

हरिभूमि न्यूज ▶▶ रायपुर

राजधानी रायपुर के मोवा इलाके में वन विभाग की टीम ने मंगलवार को बड़ी कार्रवाई करते हुए हिरण के एक सिर एवं दो सींग के साथ दो लोगों को गिरफ्तार किया है। इस कार्रवाई के दौरान आरोपियों को गिरफ्तार करने में अधिकारी-कर्मचारियों को काफी मशक्कत भी करनी पड़ी। इस कार्रवाई के दौरान दोनों आरोपियों ने अधिकारी-कर्मचारियों के साथ न केवल विवाद किया, बल्कि धक्का-मुक्की करते हुए भागने का भी प्रयास किया, लेकिन टीम दोनों को पकड़ने में कामयाब रही। इधर विभाग इस मामले में आशंका जता रहा है कि ▶▶ शेष पेज 18 पर

## वन विभाग की टीम ने मोवा में की बड़ी कार्रवाई



**टीम में ये रहे शामिल :** टीम में वन विभाग के बीएफओ अमृत पाल सिंग, भूपेंद्र खैरवार, दीपक वर्मा, गोस्वामी एवं सहयोगी यशपाल शामिल थे।

### घर से निकलते ही घेराबंदी कर पकड़ा

उड़नदस्ता की टीम ने सूचना के आधार पर ही मोवा इलाके में आरोपियों के घर के बाहर मेन रोड पर दोनों को रंगे हाथ पकड़ने के लिए जाल बिछा रखा था। दोनों आरोपी एक स्कूटी में सवार होकर सुबह करीब 11.30 बजे हिरण के अवशेष लेकर जैसे ही घर से निकलकर मेन रोड पर पहुंचे, इसी दौरान घेराबंदी कर दोनों को रंगे हाथ पकड़ा गया।




आप सभी प्रदेश वासियों
एवं विप्र बंधुओ को
परशुराम
जन्मोत्सव
की हार्दिक
शुभकामनाएं
पं. सुरेश मिश्रा
(अध्यक्ष)
कान्यकुब्ज सभा-शिक्षा मंडल
पं. राज कुमार दीक्षित
(सचिव)
कान्यकुब्ज सभा-शिक्षा मंडल
राजेश मिश्रा
संजय अवस्थी
संतोष तिवारी
अमित तिवारी
अजय बाजपेयी
सोमेश दीक्षित
रितेश मिश्रा
MP PRINTERS - 9893143003


Godrej
Unlock
worry-free cooling
with Godrej Air Conditioners
5 Years Comprehensive Warranty Free* worth ₹7990/-
0
No Hidden costs*
No Gas refill charges*
No Labour charges
No Remote replacement cost
Khanna
Scan to Know More
52°C Heavy duty cooling
4 way Swing technology
5 in1 Convertible technology
₹2500* Fixed EMI
Upto 15% Cashback#
Attractive finance 8/0, 10/1, 10/2
SmartCare
After-sales service
080 6743 6743
93216 65511
24 x 7 call centre | Visits up to 9 pm | Weekend service
www.godrejenterprises.com/home-appliances
GodrejAppliances
GodrejAppliance
GodrejAppliance
Universal Services
City Kotwali Chowk, Raipur
Contact: 8643001606
Main Road, Shankar Nagar, Raipur
Contact: 9977200000

# भगवान परशुराम जन्मोत्सव एवं अक्षय तृतीया

## की हार्दिक बधाई... शुभकामनाएं...
















**परशुराम का जन्म और परिवार:** परशुराम का जन्म ब्राह्मण कुल में हुआ था, लेकिन उनका स्वभाव और गुण क्षत्रियों जैसा था. उनके पिता ऋषि जमदग्नि थे और माता रेणुका, जो क्षत्रिय कुल से थीं

**शिव-भक्ति:** परशुराम भगवान शिव के परम भक्त थे और उन्होंने उनसे ही शस्त्र विद्या और युद्ध कला की शिक्षा प्राप्त की.

**अस्त्र-शस्त्र विद्या:** परशुराम अस्त्र-शस्त्र विद्या में निपुण थे और उन्हें शिवजी द्वारा परशु नामक अस्त्र दिया गया था, जिसके कारण वे परशुराम के नाम से जाने गए.

**क्षत्रिय विनाश:** उन्होंने 21 बार क्षत्रियों का संहार करके धरती को क्षत्रिय-विहीन कर दिया था, ऐसा कहा जाता है कि उन्होंने दुष्ट और भ्रष्ट क्षत्रिय राजाओं का दमन किया था.

**अमरत्व:** परशुराम को अमर माना जाता है और ऐसा माना जाता है कि वे धरती पर हमेशा के लिए उपस्थित रहेंगे, जो कि सात चिरंजीवी में से एक हैं.

**न्याय और धर्म:** परशुराम को न्याय का देवता माना जाता है और वे धर्म की रक्षा के लिए जाने जाते हैं.

**शिव-भक्ति:** परशुराम जी भगवान शिव के परम भक्त थे और उन्होंने शिव जी की पूजा की थी.

**शिक्षा:** उन्हें ऋषि जमदग्नि ने वेदों का ज्ञान दिया और उन्हें भगवान शिव की तपस्या करने के लिए हिमालय पर भेजा था, जिससे उन्हें धनुर्विद्या की शिक्षा भी प्राप्त हुई.

**अस्त्र-शस्त्र विद्या:** परशुराम को शस्त्र विद्या में विशेष ज्ञान था और उन्हें परशु नामक अस्त्र भी शिव जी से प्राप्त हुआ था.

**मार्शल आर्ट:** परशुराम को केरल के मार्शल आर्ट कलरीपायट्टु की उत्तरी शैली वदक्कन कलरी का संस्थापक आचार्य भी माना जाता है.

**न्याय और धर्म:** परशुराम न्याय के प्रति समर्पित थे और उन्होंने अन्याय के खिलाफ आवाज उठाई, जिसके लिए उन्हें न्याय का देवता माना जाता है.










हरिभूमि लाइव
रायपुर, बुधवार 30 अप्रैल 2025
Email id- zindgi.live.hb@gmail.com
0771- 4242222, Message at - 9630172937


18
स्वास्थ्य सेवाओं की समीक्षा, कहा- मातृ...

## लाइव इवेंट

### बेरोजगार युवाओं के लिए प्लेसमेंट कैम्प आज, निजी कंपनी में मिलेगी नौकरी




**रायपुर।** जिला रोजगार एवं स्वरोजगार मार्गदर्शन केंद्र महासमुंद द्वारा जिले के शिक्षित स्थानीय बेरोजगार युवाओं के लिए एक सुनहरा अवसर प्रदान किया जा रहा है। 30 अप्रैल 2025 को प्रातः 11 बजे से दोपहर 2 बजे तक प्लेसमेंट कैम्प का आयोजन किया जाएगा। यह कार्यक्रम हाउसिंग बोर्ड अटल विहार कॉलोनी रोजगार कार्यालय परिसर मचेवा महासमुंद में आयोजित होगा। जिला रोजगार अधिकारी ने बताया कि इस प्लेसमेंट कैम्प के माध्यम से निजी क्षेत्र की प्रतिष्ठित कंपनी माइंडलैब्ज मीडिया टेक प्राइवेट लिमिटेड दुर्ग द्वारा मीटर/असेम्बलिंग स्टॉलर के कुल 300 पदों पर भर्ती की जाएगी। इन पदों के लिए इलेक्ट्रीशियन/वायरमैन ट्रेड से आईटीआई उत्तीर्ण आवेदकों की आवश्यकता है। चयनित युवाओं को 12500 रुपए मासिक वेतन प्रदान किया जाएगा, साथ ही बाइक के लिए 2500 और भोजन के लिए 1500 रुपए का अतिरिक्त भत्ता भी दिया जाएगा। भर्ती महासमुंद जिले के लिए की जा रही है।

### कृषि विभाग में रिक्त पदों पर दावा-आपत्ति 7 मई तक

प्रधानमंत्री कृषि सिंचाई परियोजनांतर्गत कांकेर जिले में माइक्रो वाटरशेड सचिव के कुल 28 पदों की संविदा भर्ती के लिए आवेदन आमंत्रित किए गए थे। कृषि विभाग के उपसंचालक ने जानकारी देते हुए बताया कि आवेदन पत्रों की स्क्रूटनी पश्चात पात्र-अपात्र आवेदकों की सूची 7 मार्च 2024 को जारी किया जाकर 15 मार्च 2024 तक दावा आपत्ति मंगवाई गई थी, जिसमें 5 आवेदन निर्धारित तिथि तक प्राप्त हुए थे। तदुपरांत आचार संहिता लग जाने के कारण आगे की कार्यवाही पूरी नहीं की गई थी। पुनः सचिव पद की नियुक्ति हेतु 7 मई 2025 तक दावा-आपत्ति आमंत्रित की गई है, जिसे कांकेर जिले के वेबसाइट **www.kanker.gov.in** पर अपलोड भी कर दिया गया है, जिसका अवलोकन किया जा सकता है। उक्त सूची के संबंध में यदि किसी आवेदकों को दावा-आपत्ति प्रस्तुत करनी हो तो वे पंजीकृत डाक स्पीड पोस्ट के माध्यम से परियोजना प्रबंधक, सह उपसंचालक कृषि कांकेर के नाम से कार्यालय उपसंचालक कृषि में कार्यालयीन समय में 7 मई तक प्रस्तुत कर सकते हैं। निर्धारित समयावधि के उपरांत प्राप्त दावा, आपत्ति पर विचार नहीं किया जाएगा।

#### अक्षय तृतीया पर बढ़ी सोने-चांदी की खरीदी, सराफा बाजार की दुकानों में न्यू ज्वेलरी कलेक्शन

# सोने की कीमतें बढ़ीं तो हल्के में आया स्टाइल लुक लाइटवेट में राजवाड़ी-इटेलियन ज्वेलरी का जलवा

तृतीया के शुभ अवसर पर शहर के सराफा बाजार में रौनक छाई हुई है। इस बार सोने की बढ़ती कीमत के बावजूद लोगों में खरीदारी को लेकर खासा उत्साह देखा जा रहा है। आज देर रात तक यह भीड़ बनी रहने की संभावना है। मान्यता है कि अक्षय तृतीया पर सोना-चांदी खरीदना बेहद शुभ होता है, जिससे लोग घर-परिवार की तरक्की की कामना के साथ आभूषणों की खरीदारी करते हैं।







### सोने-चांदी की ज्वेलरी में 30-35 से अधिक डिजाइन

दुकान पर लाइटवेट बिंदिया, ब्रेसलेट, राजवाड़ा सेट और कुंदन की ज्वेलरी तैयार की गई है। अक्षय तृतीया पर विवाह संबंधित ज्वेलरी भी भारी मात्रा में खरीदी जाती है। अनोपचंद तिलोक चंद ज्वेलर्स से तिलोकचंद बरड़िया ने बताया कि सोने-चांदी में पायल, सिक्का, नेकलेस, अंगूठी, ईयरिंग, बिंदिया तैयार की गई है। बिंदिया की 20 से अधिक डिजाइन हैं, जिसे लाइटवेट में तैयार किया गया है। साथ ही पायल और सिक्कों में भी 30-35 अनोखी डिजाइन हैं।



**रायपुर।** ज्वेलर्स ने खरीदारों की जरूरत और बजट का ध्यान रखते हुए हल्के वजन में डिजाइनर ज्वेलरी तैयार की है। इनमें कुंदन, राजवाड़ी, राजपूताना और इटेलियन आदि आकर्षक डिजाइन शामिल हैं, जो कम कीमत में भी हैवी लुक देते हैं। अक्षय तृतीया पर खासतौर से विवाह के गहने, सोने-चांदी के सिक्के, पायल, कंगन, अंगूठी और नेकलेस की खूब मांग देखी जा रही है। सराफा व्यापारियों के मुताबिक, हर साल की तरह इस बार भी सुबह से ही खरीदारों की भीड़ उमड़ पड़ी है। खास बात यह है कि हल्के वजन में तैयार किए गए डिजाइनर आभूषण खरीदारों के आकर्षण का केंद्र बने हुए हैं, जो बजट में सुंदरता और परंपरा दोनों का संतुलन प्रस्तुत कर रहे हैं।

### लाइटवेट में मूर्ति और सिक्के

दुकान संचालक सुमीत जैन ने बताया कि अक्षय तृतीया पर उपहार एवं पूजा के लिए भगवान की मूर्ति और सिक्का खरीदना शुभ माना जाता है। इन दिनों दुकान पर लगभग 10-15 डिजाइन से अधिक सिक्के और मूर्तियां उपलब्ध हैं। साथ ही महिला व पुरुषों के लिए लाइटवेट ब्रेसलेट सबसे ज्यादा चलन में है, जिसकी खरीदी लगातार बढ़ती जा रही है।



### 24 कैरेट सोने-चांदी से तैयार सिक्के आकर्षण का केंद्र

खास मौके पर शुद्ध सोने-चांदी के 24 कैरेट सिक्के तैयार किए गए हैं। सहेली ज्वेलर्स से सुमीत जैन ने बताया कि अक्षय तृतीया पर गोल्ड और डायमंड की पोलकी कलेक्शन खरीदारों के लिए आकर्षण का केंद्र रहेगी। इस साल वेडिंग सीजन के लिए लाइटवेट में पोलकी और डायमंड ज्वेलरी खास तैयार की गई है। साथ ही मोजोनाइट, इटेलियन, रजवाड़ा, राजपूताना ज्वेलरी में महिलाओं व पुरुषों के लिए डिजाइनर कलेक्शन कस्टमाइज किया गया। दुकान में 1 ग्राम की अंगूठी, चेन, ब्रेसलेट, पेंडेंट और नेकलेस भी लाया गया है, इसकी कीमत 5-7 हजार से शुरू है।



### बाजार में डिजाइनर व लाइटवेट ज्वेलरी की डिमांड

दुकान में लाइटवेट ज्वेलरी की डिमांड सबसे अधिक है। शुभ मुहूर्त पर सबसे अधिक सोने के आभूषणों व सिक्कों की खरीदारी की जाती हैं। इस साल 1 ग्राम से सोने का सिक्का तैयार किया गया है, जिसकी कीमत 10 हजार रुपए तय की गई है। सदर बाजार स्थित सन एंड सन ज्वेलर्स से श्याम सोनी ने बताया कि अक्षय तृतीया पर वेडिंग सीजन के अनुसार भी खरीदी की जाती है। इन दिनों बाजारों में लाइटवेट और डिजाइनर ज्वेलरी की डिमांड है, पायल, नेकलेस, सिक्का और अंगूठी की खरीदी उपहार के तौर पर सबसे ज्यादा की जाती है।

## सिटी इवेंट

### नंबर नहीं, नजरिया बदलें, एग्जाम में बच्चों की असफलता को अभिभावक करें स्वीकार



**रायपुर।** छत्तीसगढ़ माध्यमिक शिक्षा मंडल और एससीईआरटी के संयुक्त तत्वावधान में परीक्षा परिणाम के पश्चात विद्यार्थियों और उनके अभिभावकों के तनाव प्रबंधन के लिए विशेष वेबीनार का आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम में शिक्षा विभाग के वरिष्ठ अधिकारी, शिक्षक, मनोवैज्ञानिक और कैरियर विशेषज्ञों ने भाग लिया।

वेबीनार में माध्यमिक शिक्षा मंडल की अध्यक्ष रेणु जी. पिल्ले ने कहा कि बोर्ड परीक्षाओं के बाद कई विद्यार्थी अत्यधिक मानसिक दबाव में आ जाते हैं। ऐसे में शिक्षकों और अभिभावकों की भूमिका अत्यंत महत्वपूर्ण हो जाती है। उन्होंने कहा कि बच्चों में तनाव के संकेतों की पहचान कर उन्हें सकारात्मक सोच और आत्मविश्वास की ओर प्रेरित करना आवश्यक है।

**विद्यार्थियों और उनके अभिभावकों के तनाव प्रबंधन के लिए विशेष वेबीनार का आयोजन**

#### प्रेरक कहानियों से प्रोत्साहित करें

कार्यक्रम की शुरुआत में एससीईआरटी के अपर संचालक जेपी रथ ने वेबीनार के उद्देश्यों पर प्रकाश डालते हुए कहा कि इस पहल के माध्यम से हम पूरे प्रदेश में विद्यार्थियों के मानसिक स्वास्थ्य के प्रति जागरूकता बढ़ा रहे हैं। पं. जवाहरलाल नेहरू मेडिकल कॉलेज की नैदानिक मनोवैज्ञानिक डॉ. प्रीति सिंह ने 3-आर मॉडल (रिस्क, रिएक्शन, री-करेक्टिंग) के माध्यम से तनाव प्रबंधन के व्यावहारिक उपाय बताए। उन्होंने कहा कि अभिभावकों को बच्चों की असफलता को शांतिपूर्वक स्वीकार करना चाहिए और सफल व्यक्तित्व की प्रेरक कहानियों से उन्हें प्रोत्साहित करना चाहिए।

#### कैरियर मार्गदर्शन पर दिया सुझाव

*कैरियर काउंसलर डॉ. वर्षा वरवंडकर ने कैरियर चयन में नॉलेज, स्किल, इंट्रेस्ट, एप्टीट्यूड पद्धति अपनाने की सलाह दी। उन्होंने सामान्य छात्रों के साथ-साथ दिव्यांग छात्रों के कैरियर मार्गदर्शन पर भी विशेष ध्यान देने का सुझाव दिया। प्रशांत पांडेय ने कहा कि शिक्षा को परीक्षा से नहीं, जीवन से जोड़ना चाहिए। परीक्षा के बाहर भी सफलता की अनेक राहें हैं। उन्होंने डॉ. एपीजे अब्दुल कलाम, थॉमस एडिसन और युवा क्रिकेटर वैभव सूर्यवंशी जैसे उदाहरणों के माध्यम से प्रेरणा दी। इस वेबीनार में मंडल के उप सचिव जेके अग्रवाल सहित प्रदेश के विभिन्न जिलों से शिक्षा अधिकारी, डाइट प्राचार्य, स्कूल प्राचार्य एवं शिक्षक भी शामिल थे।*



## समर कैंप में सजी हुनर की पाठशाला महिलाएं सीख रहीं आत्मनिर्भर के गुर



**रायपुर।** समता स्थित महाराजा अग्रसेन इंटरनेशनल कॉलेज में ग्रीष्मकालीन कैंप का आयोजन किया गया, जहां 18 वर्ष से अधिक महिलाओं को प्रशिक्षित किया जा रहा है। प्रत्येक वर्ष महाविद्यालय परिसर में महिलाओं को विभिन्न विधाओं में पारंगत करने के उद्देश्य से समर कैंप का ओायजन किया जाता है, इस वर्ष 30 से अधिक महिलाएं कैंप का लाभ उठा रही हैं।

### गृहिणियों को फैशन डिजाइनिंग का प्रशिक्षण

मैक सॉलिटियर प्रशिक्षण कार्यक्रम का मार्गदर्शन चेयरमैन रमेश अग्रवाल, पूर्व चेयरमैन राजेश अग्रवाल एवं प्राचार्य डॉ. एमएस मिश्रा द्वारा किया जा रहा है। इस वर्ष महिलाओं को जुम्बा, कुकिंग, आर्ट एण्ड क्रॉफ्ट, ई-कॉर्ड मेंकिंग, योगा में परंगत किया जा रहा है। मंगलवार को आर्ट एण्ड क्रॉफ्ट क्लास में प्रशिक्षक के रूप में निवेदिता पण्डा शामिल हुईं, जिन्होंने ओरिगामी, पेपर क्विलिंग, ग्रीटिंग कार्ड मेकिंग, थ्रीडी आर्टवर्क, बेसिक स्केचिंग, पेंटिंग एवं रंगों की जानकारी दी। योगा प्रशिक्षक कीर्ति साहू ने विभिन्न मुद्राएं, आसन एवं प्रणायायाम की जानकारी दी। कुकिंग क्लास में महक लालवानी ने फ्रूट शेक, मिल्क शेक, स्मूदीज, चॉकलेट, ओरीओ शेक तैयार करने की विधि साझा की। आयोजित समर कैंप में मेकअप, साइबर क्राइम, हेयर स्टाइल, डिजिटल मार्केटिंग, पर्सनैलिटी डेवलपमेंट, फैशन डिजाइनिंग एवं सोशल मीडिया विषयों पर व्याख्यान का आयोजन किया जाना है।

## विद्यार्थियों ने की पक्षियों के लिए दाना-पानी की व्यवस्था

**रायपुर।** छत्तीसगढ़ युवा विकास संगठन द्वारा संचालित विप्र कला, वाणिज्य एवं शारीरिक शिक्षा महाविद्यालय के छात्रों ने पक्षियों के लिए दाना-पानी की व्यवस्था की। भीषण गर्मी से पक्षियों को राहत देने कॉलेज के सीनियर-जूनियर कक्षाओं के विद्यार्थियों ने यह पहल की। इस दौरान रोजाना पक्षियों के लिए विभिन्न स्थानों पर व्यवस्था करने का अभियान चलाया गया। मंगलवार को आयोजित कार्यक्रम में वाणिज्य संकाय के प्राध्यापक डॉ. आराधना शुक्ला, डॉ. निधि शुक्ला, डॉ. सीमा अग्रवाल शामिल हुए। उन्होंने विद्यार्थियों के पहल को सराहा और निरंतर जनहितकारी कार्य करने की अपील की। इस अवसर पर प्राचार्य डॉ. मेघेश तिवारी ने कहा कि विद्यार्थियों को अध्ययन-अध्यापन के साथ प्रकृति से जोड़ना कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य है, जो आने वाले पीढ़ी को नई शिक्षा और दिशा प्रदान करेगी।



#### संस्कारों की डोर से जुड़ रहे परिवार, चितवन वृद्धाश्रम में बुजुर्गों संग बांटीं खुशियां

# वृद्धाश्रम में सजी खुशियों की महफिल, बच्चे परिवार बने बुजुर्गों की मुस्कान की वजह

कार्नर न्यूज

**रायपुर।** आधुनिक जीवनशैली और तकनीकी युग में बच्चों का बचपन मोबाइल, कंप्यूटर और स्कूल की पढ़ाई तक सीमित हो गया है। ऐसे में माता-पिता अपने बच्चों को सामाजिक मूल्यों और पारिवारिक संस्कारों से जोड़ने के लिए उन्हें विभिन्न सामाजिक गतिविधियों में शामिल कर रहे हैं। इसी कड़ी में मंगलवार को टिकरापारा स्थित चितवन वृद्धाश्रम में 'आमंत्रित परिवार' कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस विशेष अवसर पर पंजवानी परिवार के सदस्य बुजुर्गों के बीच खुशियों का पिटारा लेकर पहुंचे। इस खास मौके पर आश्रम के बुजुर्गों के लिए मनोरंजन, हास्य एवं संगीतमय कार्यक्रम का आयोजन किया गया। परिवार के सदस्यों ने बुजुर्गों के चेहरे पर मुस्कान लाने के लिए अनेक हास्य-व्यंग्य से भरपूर गतिविधियों में उन्हें शामिल किया। कार्यक्रम का उद्देश्य बच्चों को बुजुर्गों के साथ समय बिताने, उनके अनुभवों से सीखने और पारिवारिक मूल्यों को समझने का अवसर प्रदान करना था। इस पहल से बच्चों में सहानुभूति, आदर और सामाजिक जिम्मेदारी की भावना विकसित होती है।







### सदाबहार गीतों से कार्यक्रम की शुरुआत

चेहरे पर मुस्कान और हाथों में दुपट्टा लेकर बुजुर्गों ने स्टेज पर एंट्री ली और जय-जय शिवशंकर.. गोरे रंग पे न इतना गुमान कर...मेरे सामने वाली खिड़की में.....जैसे गानों पर संगीतमय प्रस्तुति दी। जिन्होंने अनोखे अंदाज में स्टेज पर डांस का जादू बिखेरा, जहां गाने की धुन पर सभी बुजुर्ग आपस में ग्रुप बनाकर थिरकते दिखे।





### सुपरहिट गीत गुनगुनाने की डिमांड

कार्यक्रम के दौरान पंजवानी परिवार के सदस्यों ने बुजुर्गों के लिए टॉक शो, हास्य-मनोरंजन से भरपूर गेम और संगीतमय कार्यक्रम का आयोजन किया। इस मौके पर पुराने गीत आश्रम में गूंज उठे। पुराने गीतों की धुन सुनते ही बुजुर्गों ने भी चांद सी महबूबा हो मेरी..जैसे मनोज कुमार और राजेश खन्ना के सुपरहिट गीत गुनगुनाने की डिमांड की। बीते दो माह से आमंत्रित परिवार कार्यक्रम का आयोजन कर रहा है, जिसमें शहर एवं आसपास के क्षेत्रों से परिवार के सदस्य आश्रम में बुजुर्गों के साथ समय बिताने शामिल होते हैं।

# थोक में बदले रूट, बिगड़ा रूटीन: यात्रियों को न ट्रेन की खबर, न सफर की राहत

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

रेलवे के विकास कार्यों के कारण इन दिनों दर्जनों ट्रेनों के मार्ग बदले गए हैं, जिससे यात्रियों को भारी असुविधा का सामना करना पड़ रहा है। कई यात्रियों को मजबूरी में टिकट रद्द कराना पड़ रहा है, वहीं बदलते मार्गों के कारण तकनीकी दिक्कतें भी सामने आ रही हैं। अधिकती परिवर्तित मार्गों पर चल रही ट्रेनें विलंब से चल रही हैं, जिससे यात्रियों को घंटों स्टेशन पर इंतजार करना पड़ रहा है। जब हरिभूमि ने इस स्थिति की पड़ताल की, तो पता चला कि जो ट्रेनें वैकल्पिक मार्गों से चलाई जा रही हैं, उनकी लाइव लोकेशन कई रेलवे एप्स पर अपडेट नहीं हो रही है।

जब तक ट्रेन नियमित मार्ग से चलती है, यात्री मोबाइल एप्स के जरिए उसका लोकेशन देख सकते हैं, लेकिन जैसे ही मार्ग बदला जाता है, एप्स में लाइव अपडेट आना बंद हो जाता है। इससे यात्रियों को बार-बार पूछताछ केंद्र जाकर ट्रेन के आगमन का समय पूछना पड़ता है। हाल ही में दुरंतो एक्सप्रेस ने यात्रियों को खासी परेशानी में डाला। यह ट्रेन झारसुगुड़ा-टिटलागढ़-रायपुर होते हुए करीब 5 घंटे की देर से चली और यात्रियों को इसका सटीक समय मोबाइल पर पता नहीं चल सका।

## हावड़ा- मुंबई रूट बना रहा मुसाफिरों की मुसीबत

रेलवे के विभिन्न मंडलों में चल रहे विकास कार्यों के कारण ट्रेनों का मार्ग बदले जाने से यात्रियों की मुश्किलें कम होने का नाम नहीं ले रहीं। संबलपुर मंडल में यार्ड रिमॉडलिंग की शुरुआत और



बिलासपुर, सूरत, चक्रधरपुर मंडल में जारी कार्यों के चलते दो से तीन राज्यों को जोड़ने वाली ट्रेनों को परिवर्तित मार्ग से चलाया जा रहा है। इसका सबसे बड़ा असर मुंबई रूट के यात्रियों पर पड़ रहा है। बीते सप्ताह में मुंबई-हावड़ा दुरंतो एक्सप्रेस, निजामुद्दीन-गोंडवाना एक्सप्रेस, जेडी-बिलासपुर, हावड़ा-मुंबई सहित कई ट्रेनें 4 से 5 घंटे की देर से चलीं। इससे यात्रियों को ट्रेन की लाइव लोकेशन की जानकारी भी नहीं मिल पा रही, क्योंकि परिवर्तित रूट को कई रेलवे ऐप में अपडेट नहीं किया गया है।

## बुकिंग के दौरान भी जानकारी नहीं मिल रही

रेलवे द्वारा रायपुर से गुजरने वाली 30 से अधिक ट्रेनों का मार्ग बदले जाने के बावजूद यात्रियों को बुकिंग के समय इसकी जानकारी नहीं मिल रही है। टिकट बुकिंग ऐप्स में तीन से चार दिन बाद भी रूट अपडेट नहीं हो रहे, जिससे यात्री भ्रमित हो रहे हैं और बुकिंग करने में कठिनाई का सामना करना पड़ रहा है। जून में चलने वाली 20807 विशाखापट्टनम–अमृतसर हीराकुंड एक्सप्रेस को सम्बलपुर सिटी और सरला जंक्शन होकर चलाने की योजना है, लेकिन अभी तक इसकी अपडेट एप्स में नहीं की गई है। इसके चलते न तो यात्रियों को मोबाइल पर एसएमएस मिल रहा, और न ही लोकेशन ट्रैकिंग उपलब्ध है। तकनीकी समस्याओं के कारण रेलवे एप्स रीयल टाइम रूट नहीं दिखा पा रहे, जिससे यात्री स्टेशन पहुंचकर ही ट्रेन का इंतजार करने को मजबूर हो रहे हैं।

## इन ट्रेनों के रूट में बदलाव

– 27 अप्रैल को 22844 पटना –बिलासपुर एक्सप्रेस व्हाया जयचण्डी पहाड़ जंक्शन, पुरुलिया जंक्शन, टाटानगर, चक्रधरपुर एवं राउरकेला जंक्शन होकर चलेगी।

– 03, 07, 10, 14, 17, 21, 24, 28 और 31 मई एवं 04, 07, 11, 14, 18, 21, 25 और 28 जून को 12879 लोकमान्य तिलक टर्मिनल – भुवनेश्वर एक्सप्रेस व्हाया सरला जंक्शन, सम्बलपुर सिटी होते हुए चलेगी।

– 1, 05, 08, 12, 15, 19 22, 26 एवं 29 मई, 02, 05, 09, 12, 16, 19, 23, 26 एवं 30 जून को 12880 भुवनेश्वर-लोकमान्य तिलक टर्मिनल एक्सप्रेस व्हाया सम्बलपुर सिटी, सरला जंक्शन होते हुए चलेगी।

– 01, 08, 15, 22 एवं 29 मई, 05, 12, 19 एवं 26 जून को 22865 लोकमान्य तिलक टर्मिनल–पुरी एक्सप्रेस व्हाया सरला जंक्शन, सम्बलपुर सिटी होते हुए चलेगी।

– 06, 13, 20 एवं 29 मई, 03, 10, 17 एवं 24 जून को 22866 पुरी-लोकमान्य तिलक टर्मिनल एक्सप्रेस व्हाया सम्बलपुर सिटी, सरला जंक्शन हुए चलेगी।

– 04, 11, 18 एवं 25 मई, 01, 08, 15, 22 एवं 29 जून 20471 लालगढ़ - पुरी एक्सप्रेस व्हाया सरला जंक्शन, सम्बलपुर सिटी हुए चलेगी।

–07, 14, 21 एवं 28 मई, 04, 11, 18 एवं 25 जून 20472 पुरी - लालगढ़ एक्सप्रेस व्हाया सम्बलपुर सिटी, सरला जंक्शन हुए चलेगी।

– 07, 14, 21 एवं 28 मई, 04, 11, 18 और 25 जून 20813 पुरी - जोधपुर एक्सप्रेस व्हाया सम्बलपुर सिटी, सरला जंक्शन हुए चलेगी।


–03, 10, 17, 24 एवं 31 मई, 07, 14, 21 एवं 28 जून 20814 जोधपुर - पुरी एक्सप्रेस व्हाया सरला जंक्शन, सम्बलपुर सिटी हुए चलेगी।

–02, 03, 06, 09, 10, 13, 16, 17, 20, 23, 24, 27, 30 एवं 31 मई, 03, 06, 07, 10, 13, 14, 17, 20, 21, 24, 27 एवं 28 जून, 2025 को विशाखापट्टनम से चलने वाली गाड़ी संख्या 20807 विशाखापट्टनम–अमृतसर हीराकुंड एक्सप्रेस व्हाया सम्बलपुर सिटी, सरला जंक्शन हुए चलेगी।

– 03, 04, 07, 10, 11, 14, 17, 18, 21, 24, 25, 28 एवं 31 मई, 01, 04, 07, 08, 11, 14, 15, 18, 21, 22, 25, 28 एवं 29 जून, 2025 को अमृतसर से चलने वाली गाड़ी संख्या 20808 अमृतसर - विशाखापट्टनम हीराकुंड एक्सप्रेस व्हाया सरला जंक्शन, सम्बलपुर सिटी हुए चलेगी।

# मोजो मशरूम उद्योग से उठती दुर्गंध, दर्जनों गांव हुए प्रभावित

हरिभूमि न्यूज ▶▶| धरसींवा



धरसींवा विधानसभा क्षेत्र के खरोरा रोड स्थित बंगोली बांध के समीप स्थापित मोजो मशरूम

- दर्जन भर गांव के सरपंचों ने मुख्यमंत्री और कलेक्टर के नाम लिखा पत्र

उद्योग की ज़हरीली दुर्गंध ने आसपास पिकरिडीह, मुड़पार, मुरा, धनसूली, कुर्रा, माठ सहित खरोरा अंचल के दर्जन भर गांवों के निवासियों का जीवन नारकीय बना दिया है। असहनीय बदबू से परेशान होकर इन गांवों के सरपंचों ने लिखित में मुख्यमंत्री, कलेक्टर और स्थानीय विधायक अनुज शर्मा से मुक्ति दिलाने की गुहार लगाई है। इस गंभीर समस्या पर अब विधायक अनुज शर्मा ने कड़ा रुख अख्तियार करते हुए उद्योग प्रबंधन और पर्यावरण विभाग के लापरवाह अधिकारियों को परिणाम भुगतने की चेतावनी दी है। मामले को विधायक अनुज शर्मा ने विधानसभा में भी उठाया था।

### दी गई है नोटिस

हम धरसींवा विधान सभा के खरोरा रोड स्थित मोजो मशरूम उद्योग की मुवायना किए हैं और जांच भी किए हैं। साथ ही दुर्गन्ध रोकने की उपाय के लिए नोटिस जारी किए हैं और कितना सार्थक पहल हुई है इसका दोबारा जांच करेंगे।

**- प्रकाश कुमार रगड़े**, क्षेत्रीय पर्यावरण अधिकारी

### करेंगे बात

इस सबन्ध में उद्योग प्रबंधन से बात करने की कोशिश किया गया पर प्रबंधन ने मीडिया को साफ तौर पर कह दिया हम सरकार और पर्यावरण से बात कर लेंगे कहकर फोन काट दिए।

**उद्योग प्रबंधन**

## खबर संक्षेप

### पारसनाथ बने सीफा के राष्ट्रीय सचिव



आरंग। भारत के किसानों को समृद्ध बनाने कार्यरत संगठन कंसोर्टियम आफ इंडियन एसोसिएशन (CIFA) ने छत्तीसगढ़ ग्राम भिलाई के सक्रिय किसान नेता पारसनाथ को संगठन में राष्ट्रीय सचिव का दायित्व सौपा है। सीफा के राष्ट्रीय अध्यक्ष विपिन भाई पटेल गुजरात तथा मुख्य सलाहकार पी. चेन्ना रेड्डी आंध्रप्रदेश ने पारसनाथ को नियुक्ति पत्र भेजा है। किसान नेता पारसनाथ साहू ने बताया यह संगठन देश के सभी संगठनों, किसान नेताओं के साथ मिलकर कृषि प्रधान देश के सर्वांगीण विकास की दिशा में काम कर रहा है। सीफा में देश के अनेक बुद्धिजीवियों व कृषि विशेषज्ञों की टीम जुड़कर कार्य कर रहे हैं। सीफा की बैठक मई में दिल्ली में होने वाली है। जिसमें वह शामिल होकर छत्तीसगढ़ की कृषि संबंधी बातों को रखेंगे। वहीं पारसनाथ साहू को राष्ट्रीय सचिव बनने पर अंचल के किसानों ने हर्ष व्यक्त करते हुए बधाई दिए हैं।

### युक्तियुक्तकरण से पूर्व पदोन्नति की मांग

आरंग। युक्तियुक्तकरण के आदेश से एक बार फिर प्रमोशन की बाट जोह रहे एक ही पद पर लंबे समय से पदस्थ शिक्षकों की उम्मीदों पर पानी फिर गया है। शिक्षक संघ शिक्षक विहीन शालाओं में शिक्षक व्यवस्था का पक्षधर है किंतु युक्तियुक्तकरण के नाम पर स्कूलों के मौजूदा सेटअप से छेड़छाड़ का कड़ा विरोध किया जाएगा। पांच कक्षाओं के लिए दो शिक्षकों की नियुक्ति से शिक्षा गुणवत्ता पर प्रतिकूल प्रभाव पड़ेगा। एक प्रेस विज्ञप्ति में शिक्षक संघ आरंग प्रवक्ता पं. छत्रधर दीवान ने कहा कि नवाचार के नाम पर लगातार नई-नई योजनाओं व दिशा-निर्देश के चलते शिक्षा व्यवस्था चौपट हो जाएगी, निरंतर एक ही पद पर कार्य करने व पदोन्नति नहीं होने से शिक्षकीय दक्षता पर प्रतिकूल प्रभाव पड़ता है। शिक्षक संगठनों से बिना किसी सुझाव व संवाद के युक्तियुक्तकरण का आदेश शिक्षकों व छात्रों के लिए घातक साबित हो सकता है।

# संस्कृति ज्ञान परीक्षा में एकता ब्लाक में द्वितीय

**तरपोंगी।** पीएम श्री स्वामी आत्मानंद उत्कृष्ट अंग्रेजी माध्यम स्कूल कुंरा की छात्रा सगुनी निवासी कुमारी एकता वर्मा पिता देवेंद्र वर्मा ने भारतीय संस्कृति ज्ञान परीक्षा कक्षा सातवी में धरसींवा ब्लाक में द्वितीय स्थान प्राप्त किया है। यह परीक्षा अखिल विश्व गायत्री परिवार शांतिकुंज हरिद्वार के तत्वाधान में गायत्री परिवार के द्वारा छत्तीसगढ़ के सभी जिलों में आयोजित किया गया था। कुमारी एकता वर्मा को सजेस के प्राचार्य सुजाता बहल, प्रधान पाठिका श्वेता सिंह, कक्षा शिक्षिका कामेश्वरी, शिक्षिका भुनेश्वरी वर्मा ने शील्ड व



प्रमाण पत्र देकर सम्मानित किया।

# रेलवे ओवर ब्रिज की सफाई से राहगीरों को मिली राहत



**तिल्दा नेवरा।** सासाहोली रेलवे ओवरब्रिज पर रेत की भारी वाहनों के चलने से दोनों तरफ रेत एवं कचरे का फैलाव हो गया था साथ ही उक्त ओवर ब्रिज का मरम्मत अभी अभी किया गया है जिसके ठेकेदार द्वारा रेत और गिट्टी को भी नहीं हटाया गया है। साथ ही सड़क के किनारे रेत के कंकड़ एवं कचरा बिखरे हुए थे जिससे लोगों को चलने में काफी दिक्कतें हो रही थीं। नगर पालिका अध्यक्ष चंद्रकला वर्मा एवं नगर पालिका के सीएमओ अनीश ठाकुर की पहल पर मंगलवार सुबह लगभग 7:00 बजे उक्त ओवर ब्रिज की साफ सफाई कराई गई। नगर पालिका से जेसीबी व ट्रैक्टर के जरिए ओवर ब्रिज के ऊपर सड़क के किनारे दोनों तरफ बिखरे रेत व कचरे को उठाकर साफ-सफाई किया गया है। इसके लिए लोगों ने नगर पालिका प्रशासन का आभार माना है।

# समर कैंप में 12 गांवों के 200 से अधिक स्कूली बच्चों ने लिया भाग

हरिभूमि न्यूज ▶▶| तिल्दा नेवरा

अदाणी फाउंडेशन द्वारा बच्चों के रचनात्मक विकास और टीम भावना को बढ़ाने के लिए किया गया आयोजन तिल्दा ब्लॉक में अदाणी फाउंडेशन द्वारा सात दिवसीय समर कैंप का समापन किया गया। ग्राम ताराशिव में आयोजित इस समर कैंप में आसपास के 12 गांवों के 200 से अधिक स्कूली बच्चों ने भाग लिया। जिसमें बच्चों को पेंटिंग, रीडिंग, मिट्टी के खिलौने बनाना, नृत्य, शारीरिक खेल, क्राफ्ट, पपेट बनाना, ओरिगामी, योग, एक्शन वर्ड गेम्स, मेंहदी, अंताक्षरी और अन्य कई शैक्षणिक व मनोरंजक गतिविधियों में भाग लेने का अवसर मिला। इन गतिविधियों के माध्यम से बच्चों को विभिन्न प्रकार से रचनात्मक, मानसिक और शारीरिक क्षमता बढ़ाने में मदद मिली। साथ ही



टीम वर्क और समूह गतिविधियों के जरिए उनमें सहयोग और सामूहिक प्रयास की भावना विकसित की गई। टिफिन शेयरिंग के माध्यम से बच्चों को आपसी भाईचारे और सामाजिक सौहार्द का संदेश दिया गया। कैंप के समापन में उपस्थित ग्राम सरपंच पूर्णिमा मनीष वर्मा ने बच्चों को बधाईयां दीं और अदाणी फाउंडेशन टीम को कैंप के सफल आयोजन के लिए सराहा। क्षेत्रीय जनप्रतिनिधियों ने भी इस पहल की प्रशंसा की।

## विस अध्यक्ष डॉ. रमन ने किया बालमन पुस्तक का विमोचन

रायपुर। पूर्व मुख्यमंत्री एवं विधानसभा अध्यक्ष डॉ. रमन सिंह और शहर के प्रबुद्ध साहित्यकारों ने सुषमा बग्गा की किताब बालमन का विमोचन स्पीकर हाउस में मंगलवार को किया। इसकी समीक्षा कवि-लेखक मुकेश गुप्ता ने की है। यह जानकारी कार्यक्रम आयोजक ने देते हुए बताया कि बच्चों के मन को हौले से छूने और टटोलने की कोशिश करती कवियित्री सुषमा बग्गा ने अपने बचपन को जीवंत बनाते हुए सरल, सहज, सारगर्भित भाषा शैली का प्रयोग करते हुए बच्चों के लिए एक उत्तम कृति प्रस्तुत की है। उन्होंने बताया कि शिक्षा जगत से जुड़े होने की वजह से सुषमा का प्रयास इन अर्थों में भी काबिले तारीफ है कि उन्होंने अपनी हर कविता में बच्चों के मन को निकट से स्पर्श करने की कोशिश की है।

**न्यायालय नायब तहसीलदार, उप तहसील सारागांव जिला - रायपुर (छ.ग.)**

**ईश्तहार**

रा. प्र.क्र. अ-6 (अ)/वर्ष 2024-25
सारागांव दि. 15/04/2025

एतद् द्वारा सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि आवेदक रामकुमार अग्रवाला पिता स्व. पूरन मल अग्रवाला निवासी रायपुर द्वारा आवेदन पेश कर उल्लेख किया गया है कि ग्राम भुरकोनी, प.ह.न. 13, रा.नि.म. रायपुर 16 सारागांव, तह. धरसींवा स्थित भूमि खसरा नं. 88/1, 88/8, 90/1, 118/19, 118/20 कुल रकबा 2.793 हे. धारित है। उक्त भूमि में आनलाईन बी-1 तथा राजस्व अभिलेखों में आवेदक का नाम रामकुमार अग्रवाल दर्शित हो रहा है जो कि त्रुटिपूर्ण है। आवेदक का सही नाम रामकुमार अग्रवाला (एच.यू.एफ.) पिता स्व. पूरन मल अग्रवाला है। अतः आवेदक द्वारा उक्त भूमि में अपना सही नाम दर्ज किये जाने का निवेदन किया गया है। आवेदन की पुष्टि में आवेदक द्वारा पंजीकृत बैनामा, नामांतरण पंजी एवं ऋण पुस्तिका की छायाप्रति पेश किया है।

उक्त संबंध में जिस किसी व्यक्ति अथवा संस्था को आपत्ति हो तो स्वयं या अपने अभिभाषक के माध्यम से इस न्यायालय में नियत पेशी दिनांक 02/05/2025 को उपस्थित होकर दावा / आपत्ति प्रस्तुत कर सकते है नियत पेशी दिनांक के बाद प्राप्त दावा / आपत्ति पर विचार नहीं किया जावेगा।

यह ईश्तहार मेरे हस्ताक्षर एवं पदमुद्रा से आज दिनांक 15/04/2025 को जारी किया जाता है।

मुहर

**नायब तहसीलदार**
**उप तहसील सारागांव**
**जिला-रायपुर (छ.ग.)**

**कार्यालय राजस्व निरीक्षक मण्डल खरोरा तहसील खरोरा जिला रायपुर**

**// सूचना पत्र //**

प्रति, जारी दिनांक 22.04.2025

संजीव जैन/रामस्वरूप, अशोक साहू/ पुनाराम साहू, चम्मन लाल अग्रवाल/ गजानंद, शत्रुहन/गजानंद, मोहन अग्रवाल/ गजानंद, दीपक अग्रवाल/ नानकचंद अग्रवाल, कपिल/ केदार अग्रवाल, कबिता साहू/ खेमराज साहू

**विषय:**- आवेदक उषा देवी अग्रवाल पति स्व. उमाशंकर अग्रवाल निवासी रायपुर द्वारा धारित भूमिस्वामी हक की भूमि ग्राम बुड़ेरा प.ह.नं. 47 रा.नि.मं. खरोरा तहसील खरोरा ख.नं. 1/8, 1/9, 1/12, 1/20, 1/21, 1/22, 1/23 रकबा 0.506, 0.506, 0.506, 0.506, 0.506, 0.506, 0.506 हे. भूमि के सीमांकन/बटांकन के संबंध में सूचना।

आपको सूचित किया जाता है कि उपरोक्त विषयांतर्गत भूमि के सीमांकन जो कि विषयांकित आवेदक द्वारा प्रस्तुत किये जाने के उपरांत न्यायालय तहसीलदार खरोरा के आदेशानुसार आवेदक की भूमि का सीमांकन/ बटांकन दिनांक 02.05.2025 को समय 12 बजे पश्चात मेरे द्वारा रखा गया है।

चूंकि आप सभी उल्लेखित खसरा नंबर के बटांकन धारी/समीपस्थ भूमिस्वामी है इसलिए आपका उपस्थिति सीमांकन/बटांकन स्थल पर होना अनिवार्य है एवं सीमांकन/बटांकन के संबंध में किसी भी प्रकार की दावा/आपत्ति हो तो उल्लेखित तिथि को नियत समय तक प्रस्तुत कर सकते हैं। आपकी सूचना उपरान्त अनुपस्थिति में भी सीमांकन/बटांकन कार्य किया जा सकता है। तत्पश्चात किसी भी प्रकार की दावा आपत्ति मान्य नहीं होगी।

**राजस्व निरीक्षक**
**तह. खरोरा जिला - रायपुर**

**उद्घोषणा**

क्रमांक 4428/आर.सी./रा.वि.प्रा./2025
रायपुर, दिनांक 24-04-25

प्राधिकरण की डॉ. खूबचंद बघेल, रांवाभाठा ट्रांसपोर्ट नगर योजना के अंतर्गत श्री आशीष मिश्रा आत्मज श्री आर.बी. मिश्रा को ब्लॉक 19 में भूखण्ड क्रमांक SSI-81 क्षेत्रफल 215 वर्गफुट 30 (तीस) वर्षीय पट्टे पर धारित है, आबंटिती के द्वारा उक्त भूखण्ड को फ्रीहोल्ड किये जाने हेतु आवेदन प्रस्तुत किया गया है।

उक्त भूखण्ड को फ्रीहोल्ड किये जाने पर यदि किसी को कोई आपत्ति/ दावा होवें तो इस उदघोषणा प्रकाशन की तिथि से 15 दिन के भीतर अधोहस्ताक्षरकर्ता के समक्ष उपस्थित होकर आपत्ति / दावा प्रस्तुत कर सकते है। निर्धारित अवधि तक कोई आपत्ति / दावा प्रस्तुत नहीं होने पर शासन के प्रचलित नियमों के अनुसार फ्रीहोल्ड की कार्यवाही संपादित करा दी जावेगी। जिसके बाद कोई आपत्ति/दावा ग्राह्य नहीं होगा।

दिनांक............... को जारी।

राजस्व अधिकारी (तहसीलदार)
रायपुर विकास प्राधिकरण,
रायपुर (छ.ग.)

**उद्घोषणा**

क्रमांक 4425/आर.सी./रा.वि.प्रा./2025
रायपुर, दिनांक 24-04-25

प्राधिकरण की डॉ. खूबचंद बघेल, रांवाभाठा ट्रांसपोर्ट नगर योजना के अंतर्गत श्रीमती सोनी मिश्रा पति श्री आशीष मिश्रा को ब्लॉक 13 में भूखण्ड क्रमांक WIC-39 क्षेत्रफल 2400 वर्गफुट 30 (तीस) वर्षीय पट्टे पर धारित है, आबंटिती के द्वारा उक्त भूखण्ड को फ्रीहोल्ड किये जाने हेतु आवेदन प्रस्तुत किया गया है।

उक्त भूखण्ड को फ्रीहोल्ड किये जाने पर यदि किसी को कोई आपत्ति/ दावा होवें तो इस उदघोषणा प्रकाशन की तिथि से 15 दिन के भीतर अधोहस्ताक्षरकर्ता के समक्ष उपस्थित होकर आपत्ति / दावा प्रस्तुत कर सकते है। निर्धारित अवधि तक कोई आपत्ति / दावा प्रस्तुत नहीं होने पर शासन के प्रचलित नियमों के अनुसार फ्रीहोल्ड की कार्यवाही संपादित करा दी जावेगी। जिसके बाद कोई आपत्ति/दावा ग्राह्य नहीं होगा।

दिनांक............... को जारी।

राजस्व अधिकारी (तहसीलदार)
रायपुर विकास प्राधिकरण,
रायपुर (छ.ग.)

स्वदेशी खादी महोत्सव
27 अप्रैल से 25 मई 2025 तक
सुबह 11 बजे से रात्रि 10 बजे तक
भारतीय पारंपरिक वस्त्र परिधानों एवं हस्तशिल्प कलाओं का अनुपम संग्रह
स्पेशल अट्रैक्शन / तकरीबन एक लाख वैरायटी
बिहार का भागलपुर ड्रेस | बंगाली काथासिल्क साड़ी | वाराणसी सिल्क मटेरियल साड़ी
सहारनपुर फर्निचर, | पोलकी की ज्वेलरी, | मेरठ की खादी कुर्ते एवं बेडशीट,
असम मुगा सिल्क | राजस्थानी चुन्नी दुपट्टा | एवं कंजूमर की ढेर सारी वैरायटी
स्थानः गॉस मेमोरियल ग्राउंड, कालीमाता मंदिर, आकाशवाणी चौक रायपुर
आयोजक : स्वदेशी खादी महोत्सव, प्रायोजक : सहयोग वेलफेयर सोसाइटी

Trust of 44 Years
BALDEO FURNITURES
STYLISH, DURABLE & AFFORDABLE FURNITURE.
इस अक्षय तृतीया के अवसर पर अपने घर व ऑफिस के लिए लाएं फर्नीचर...
Upto 30% Discount
- बेडरूम सेट
- सोफा सेट
- डाइनिंग सेट
- ऑफिस फर्नीचर
- शिखर अलमारी
- ब्रांडेड मोल्डेड फर्नीचर
- नीलकमल गद्दे
- शोकेश
- रैकलाइनर
- आउटडोर फर्नीचर
- गोदरेज फर्नीचर एवं सेफ
- अरोमा फर्नीचर
- सोफा कम बेड
- लॉबी सेट
- सेंटर टेबल
- और भी बहुत कुछ...





godrej | Nilkamal | POOJA | ITALICA | AROMA | Eezy
गुरूनानक चौक एवं जनकबाड़ा, रायपुर फोन : 4030222

HEALTH TOWN
अहलूवालिया हॉस्पिटल
नेमीचंद गली, रामसागर पारा, प्रभात टॉकीज के पास, स्टेशन रोड रायपुर
0771-4050006, 8103128515
डॉ. एस.के. अहलूवालिया M.B.B.S., DLO
डॉ. गौरव अहलूवालिया M.B.B.S., D.N.B.-ENT, M.N.A.M.S.
नाक, कान, गला विभाग
- सिर, मुख एवं गले का कैन्सर।
- ऑपरेशन द्वारा ईलाज
- नाक की प्लास्टिक सर्जरी
चक्कर की जॉंच
एलर्जी
Dental & Consmetic Treatments
- टेड़े मेढ़े दांतो को सीधा करना
- दांतो की नसों का इलाज
- दांतों की सफाई व चमकाना
- दंत प्रत्यारोपण
- मुंह के कम खुलने का इलाज
(Hearing Aids) सुनाई मशीन
विज्ञापन हेतु संपर्क करें : 0771-4242213, 7987119756, 9303508130

## खबर संक्षेप

### विस अध्यक्ष डॉ. रमन ने किया बालमन पुस्तक का विमोचन



**रायपुर।** पूर्व मुख्यमंत्री एवं विधानसभा अध्यक्ष डॉ. रमन सिंह और शहर के प्रबुद्ध साहित्यकारों ने सुषमा बग्गा की किताब बालमन का विमोचन स्पीकर हाउस में मंगलवार को किया। इसकी समीक्षा कवि-लेखक मुकेश गुप्ता ने की है। यह जानकारी कार्यक्रम आयोजक ने देते हुए बताया कि बच्चों के मन को हौले से छूने और टटोलने की कोशिश करती कवियित्री सुषमा बग्गा ने अपने बचपन को जीवंत बनाते हुए सरल, सहज, सारगर्भित भाषा शैली का प्रयोग करते हुए बच्चों के लिए एक उत्तम कृति प्रस्तुत की है। उन्होंने बताया कि शिक्षा जगत से जुड़े होने की वजह से सुषमा का प्रयास इन अर्थों में भी काबिले तारीफ है कि उन्होंने अपनी हर कविता में बच्चों के मन को निकट से स्पर्श करने की कोशिश की है।

## निधन

### बलदाऊ प्रसाद शर्मा



**रायपुर।** डगनिया शांति विहार कॉलोनी निवासी बलदाऊ प्रसाद शर्मा दरबा-सोनपैरी वाले (82) का 29 अप्रैल को निधन हो गया। उनका अंतिम संस्कार महादेवघाट श्मशानघाट में किया गया। वे रामबिशाल शर्मा के छोटे भाई और डाया शर्मा के पिता थे।

### बाबूलाल गोधा



**रायपुर।** इंद्रावती कॉलोनी राजा तालाब निवासी बाबूलाल गोधा (86) का निधन हो गया। उनका अंतिम संस्कार 29 अप्रैल को मारवाड़ी श्मशानघाट में किया गया। वे राकेश, राजेश व रूपेश के पिता थे।

# तीन माह में ही बिक गए एक लाख एसी, गांवों में भी अब ज्यादा डिमांड

**हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर**

गर्मी का आगाज इस बार तो जनवरी से ही हो गया और इस माह से प्रदेशभर में एसी और कूलर बिकने लगे। एसी के बिकने की रफ्तार फरवरी से तेज हुई और इस बार तो महज तीन माह में ही एक लाख एसी बिक गए। अभी मई और जून में और 20 से 25 हजार एसी बिकने की संभावना है। पहली बार गर्मी के सीजन में सवा लाख के करीब एसी बिकने का अनुमान है। इस सीजन में एसी और कूलरों का मिलाकर 600 करोड़ से ज्यादा का कारोबार होना है, इसमें से करीब 500 करोड़ का कारोबार हो चुका है। एयर कंडीशनर यानी एसी भी अब खास से आम होता जा रहा है। एक समय था, जब इसकी डिमांड बड़े शहरों और अमीरों के घरों के लिए होती थी, लेकिन अब एसी की डिमांड बड़े शहरों से हटकर गांवों और छोटे शहरों में भी बढ़ गई है। अब मध्य वर्ग के घरों में भी एसी एक से ज्यादा लग रहे हैं। यही वजह है कि बीते दो साल से हर साल 20 से 25 फीसदी कारोबार में इजाफा रहा है। इस बार गर्मी के तेवर और ज्यादा रहे हैं, इसलिए कारोबार में 50 फीसदी तक भी इजाफा संभव है।

**तीन साल में एसी का कारोबार डबल**



**इस साल कारोबार में 50 फीसदी का इजाफा होने का अनुमान**

एसी का कारोबार बड़ा होता है। ब्रांडेड एसी 25 हजार से एक लाख तक के आते हैं। पहले एसी कम बिकते थे, लेकिन बीते तीन सालों से एसी की डिमांड बढ़ गई है। हर साल 15 से 20 हजार एसी ज्यादा बिक रहे हैं। तीन साल पहले प्रदेश में 50 हजार के आस-पास ही एसी बिकते थे, लेकिन जहां 2023 में 65 हजार के आस-पास एसी बिके, वहीं बीते साल 80 हजार बिके हैं। इस साल अब तक एक लाख एसी बिक गए हैं। आगे अगर 20 हजार एसी और बिक गए तो आंकड़ा एक लाख 20 हजार तक हो जाएगा। ऐसे में इस बार 40 हजार एसी बीते साल से ज्यादा बिकेंगे। यानी कारोबार में 50 फीसदी का इजाफा हो जाएगा। कम और ज्यादा कीमत को देखते हुए एक एसी की औसत कीमत अगर 35 हजार मान लें तो इस सीजन में करीब चार सौ करोड़ का कारोबार हो जाएगा। इस बार तो कीमत एक से दो हजार तक बढ़ी भी है।

### चार लाख कूलर बिके

गर्मी के सीजन में सबसे बड़ा कारोबार कूलरों का होता है। 2023 में जहां साढ़े तीन लाख कूलर बिके थे, वहीं बीते साल चार लाख कूलर बिके हैं। इस बार पांच लाख से ज्यादा कूलर बिकने का अनुमान है। अब तक चार लाख कूलर बिक चुके हैं। लोकल कूलरों में विंडो कूलरों की मांग ज्यादा रहती है। ये कूलर चार से आठ हजार के बीच मिलते हैं। आज-कल तो दो हजार तक के छोटे कूलर भी आने लगे हैं। इसके अलावा रूम कूलरों की भी बड़ी डिमांड रही है। रूम कूलरों में ब्रांडेड कूलर जहां 10 से 12 हजार के मिलते हैं, वहीं लोकल कूलर 5 से 8 हजार में मिल जाते हैं। एक कूलर की औसत कीमत छह हजार माने तो सीजन में इसका कारोबार भी तीन सौ करोड़ का हो जाएगा।

**बिक गए एक लाख एसी**

एसी की डिमांड लगातार हर साल बढ़ रही है। इस साल एक लाख से ज्यादा एसी बिकने का अनुमान है, अब तक एक लाख एसी बिक चुके हैं। आगे अभी मई और जून की गर्मी बाकी है, 20 से 25 हजार एसी और बिक जाएंगे। गांवों और छोटे शहरों से अच्छी डिमांड के कारण एसी की बिक्री में लगातार इजाफा हो रहा है

- राजेश वासवानी
संचालक, लक्ष्मी इलेक्ट्रॉनिक्स

# थोक में बदले रूट, बिगड़ा रूटीन: यात्रियों को न ट्रेन की खबर, न सफर की राहत

**हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर**

रेलवे के विकास कार्यों के कारण इन दिनों दर्जनों ट्रेनों के मार्ग बदले गए हैं, जिससे यात्रियों को भारी असुविधा का सामना करना पड़ रहा है। कई यात्रियों को मजबूरी में टिकट रद्द कराना पड़ रहा है, वहीं बदलते मार्गों के कारण तकनीकी दिक्कतें भी सामने आ रही हैं। अधिकती परिवर्तित मार्गों पर चल रही ट्रेनें विलंब से चल रही हैं, जिससे यात्रियों को घंटों स्टेशन पर इंतजार करना पड़ रहा है। जब हरिभूमि ने इस स्थिति की पड़ताल की, तो पता चला कि जो ट्रेनें वैकल्पिक मार्गों से चलाई जा रही हैं, उनकी लाइव लोकेशन कई रेलवे एप्स पर अपडेट नहीं हो रही है।

जब तक ट्रेन नियमित मार्ग से चलती है, यात्री मोबाइल एप्स के जरिए उसका लोकेशन देख सकते हैं, लेकिन जैसे ही मार्ग बदला जाता है, एप्स में लाइव अपडेट आना बंद हो जाता है। इससे यात्रियों को बार-बार पूछताछ केंद्र जाकर ट्रेन के आगमन का समय पूछना पड़ता है। हाल ही में दुरंतो एक्सप्रेस ने यात्रियों को खासी परेशानी में डाला। यह ट्रेन झारसुगुड़ा-टिटलागढ़-रायपुर होते हुए करीब 5 घंटे की देर से चली और यात्रियों को इसका सटीक समय मोबाइल पर पता नहीं चल सका।

### हावड़ा- मुंबई रूट बना रहा मुसाफिरों की मुसीबत

रेलवे के विभिन्न मंडलों में चल रहे विकास कार्यों के कारण ट्रेनों का मार्ग बदले जाने से यात्रियों की मुश्किलें कम होने का नाम नहीं ले रहीं। संबलपुर मंडल में यार्ड रिमॉडलिंग की शुरुआत और



बिलासपुर, सूरत, चक्रधरपुर मंडल में जारी कार्यों के चलते दो से तीन राज्यों को जोड़ने वाली ट्रेनों को परिवर्तित मार्ग से चलाया जा रहा है। इसका सबसे बड़ा असर मुंबई रूट के यात्रियों पर पड़ रहा है। बीते सप्ताह में मुंबई-हावड़ा दुरंतो एक्सप्रेस, निजामुद्दीन-गोंडवाना एक्सप्रेस, जेडी-बिलासपुर, हावड़ा-मुंबई सहित कई ट्रेनें 4 से 5 घंटे की देर से चलीं। इससे यात्रियों को ट्रेन की लाइव लोकेशन की जानकारी भी नहीं मिल पा रही, क्योंकि परिवर्तित रूट को कई रेलवे ऐप में अपडेट नहीं किया गया है।

### बुकिंग के दौरान भी जानकारी नहीं मिल रही

रेलवे द्वारा रायपुर से गुजरने वाली 30 से अधिक ट्रेनों का मार्ग बदले जाने के बावजूद यात्रियों को बुकिंग के समय इसकी जानकारी नहीं मिल रही है। टिकट बुकिंग ऐप्स में तीन से चार दिन बाद भी रूट अपडेट नहीं हो रहे, जिससे यात्री भ्रमित हो रहे हैं और बुकिंग करने में कठिनाई का सामना करना पड़ रहा है। जून में चलने वाली 20807 विशाखापट्टनम–अमृतसर हीराकुंड एक्सप्रेस को सम्बलपुर सिटी और सरला जंक्शन होकर चलाने की योजना है, लेकिन अभी तक इसकी अपडेट एप्स में नहीं की गई है। इसके चलते न तो यात्रियों को मोबाइल पर एसएमएस मिल रहा, और न ही लोकेशन ट्रैकिंग उपलब्ध है। तकनीकी समस्याओं के कारण रेलवे एप्स रीयल टाइम रूट नहीं दिखा पा रहे, जिससे यात्री स्टेशन पहुंचकर ही ट्रेन का इंतजार करने को मजबूर हो रहे हैं।

### इन ट्रेनों के रूट में बदलाव

– 27 अप्रैल को 22844 पटना –बिलासपुर एक्सप्रेस व्हाया जयचण्डी पहाड़ जंक्शन, पुरुलिया जंक्शन, टाटानगर, चक्रधरपुर एवं राउरकेला जंक्शन होकर चलेगी।

– 03, 07, 10, 14, 17, 21, 24, 28 और 31 मई एवं 04, 07, 11, 14, 18, 21, 25 और 28 जून को 12879 लोकमान्य तिलक टर्मिनल – भुवनेश्वर एक्सप्रेस व्हाया सरला जंक्शन, सम्बलपुर सिटी होते हुए चलेगी।

– 1, 05, 08, 12, 15, 19 22, 26 एवं 29 मई, 02, 05, 09, 12, 16, 19, 23, 26 एवं 30 जून को 12880 भुवनेश्वर-लोकमान्य तिलक टर्मिनल एक्सप्रेस व्हाया सम्बलपुर सिटी, सरला जंक्शन होते हुए चलेगी।

– 01, 08, 15, 22 एवं 29 मई, 05, 12, 19 एवं 26 जून को 22865 लोकमान्य तिलक टर्मिनल–पुरी एक्सप्रेस व्हाया सरला जंक्शन, सम्बलपुर सिटी होते हुए चलेगी।

– 06, 13, 20 एवं 29 मई, 03, 10, 17 एवं 24 जून को 22866 पुरी-लोकमान्य तिलक टर्मिनल एक्सप्रेस व्हाया सम्बलपुर सिटी, सरला जंक्शन हुए चलेगी।

– 04, 11, 18 एवं 25 मई, 01, 08, 15, 22 एवं 29 जून 20471 लालगढ़ - पुरी एक्सप्रेस व्हाया सरला जंक्शन, सम्बलपुर सिटी हुए चलेगी।

–07, 14, 21 एवं 28 मई, 04, 11, 18 एवं 25 जून 20472 पुरी - लालगढ़ एक्सप्रेस व्हाया सम्बलपुर सिटी, सरला जंक्शन हुए चलेगी।

– 07, 14, 21 एवं 28 मई, 04, 11, 18 और 25 जून 20813 पुरी - जोधपुर एक्सप्रेस व्हाया सम्बलपुर सिटी, सरला जंक्शन हुए चलेगी।

–03, 10, 17, 24 एवं 31 मई, 07, 14, 21 एवं 28 जून 20814 जोधपुर - पुरी एक्सप्रेस व्हाया सरला जंक्शन, सम्बलपुर सिटी हुए चलेगी।

–02, 03, 06, 09, 10, 13, 16, 17, 20, 23, 24, 27, 30 एवं 31 मई, 03, 06, 07, 10, 13, 14, 17, 20, 21, 24, 27 एवं 28 जून, 2025 को विशाखापट्टनम से चलने वाली गाड़ी संख्या 20807 विशाखापट्टनम–अमृतसर हीराकुंड एक्सप्रेस व्हाया सम्बलपुर सिटी, सरला जंक्शन हुए चलेगी।

– 03, 04, 07, 10, 11, 14, 17, 18, 21, 24, 25, 28 एवं 31 मई, 01, 04, 07, 08, 11, 14, 15, 18, 21, 22, 25, 28 एवं 29 जून, 2025 को अमृतसर से चलने वाली गाड़ी संख्या 20808 अमृतसर - विशाखापट्टनम हीराकुंड एक्सप्रेस व्हाया सरला जंक्शन, सम्बलपुर सिटी हुए चलेगी।

# टैक्स जमा करने का आज अंतिम दिन, 325 करोड़ का टारगेट अभी भी दूर

**हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर**

नगर निगम का राजस्व महकमा टैक्स वसूलने के लक्ष्य से अभी पीछे है। इस बार राजस्व वसूली का लक्ष्य 325 करोड़ रुपये रखा गया था। अभी तक रिकवरी 294 करोड़ हो पाई है। 30 अप्रैल कर वसूली का अंतिम दिन है, ऐसे में बकाया 31 करोड़ की राजस्व वसूली निगम के लिए कड़ी चुनौती है। बकाया राजस्व वसूलने नगर निगम अब बड़े बकायादरों पर कार्रवाई करने की तैयारी में है। करदाताओं को राहत देने राज्य शासन की ओर से एक माह का अतिरिक्त समय दिया गया। इसमें 6 करोड़ से ज्यादा की वसूली हुई है।



- डिफाल्टर बड़े टैक्स बकायादारों पर होगी कार्रवाई
- एक माह के अतिरिक्त समय में 6 करोड़ से ज्यादा की वसूली

नगर निगम इस बार टैक्स वसूलने के निर्धारित टारगेट को पूरा नहीं कर पाया है। वित्तीय वर्ष 2024-25 के लिए वसूली का लक्ष्य 325 करोड़ रुपये रखा गया। इसमें 294 करोड़ की राजस्व वसूली हुई है। हालांकि पिछले साल की तुलना में 20 करोड़ ज्यादा की राजस्व वसूली की गई है। वहीं बड़े बकायादार नोटिस देने के बाद भी बकाया कर जमा करने तत्परता नहीं दिखा रहे। विभाग के अधिकारियों का कहना है कि 30 अप्रैल के बाद बड़े बकायादारों पर राजस्व वसूली की कार्रवाई तेज की जायेगी।

संपत्तिकर जमा करने राज्य शासन के आदेश पर नगर निगम द्वारा आम नागरिकों को 30 अप्रैल तक प्रापर्टी टैक्स भुगतान करने अतिरिक्त समय दिया गया। इस बढ़ी हुई अवधि में नगर निगम को 6 करोड़ से ज्यादा की राजस्व वसूली हुई है।

**न्यायालय नायब तहसीलदार, उप तहसील सारागांव जिला - रायपुर (छ.ग.)**

**ईश्तहार**

रा. प्र.क्र. अ-6 (अ)/वर्ष 2024-25
सारागांव दि. 15/04/2025

एतद् द्वारा सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि आवेदक रामकुमार अग्रवाला पिता स्व. पूरन मल अग्रवाला निवासी रायपुर द्वारा आवेदन पेश कर उल्लेख किया गया है कि ग्राम भुरकोनी, प.ह.न. 13, रा.नि.म. रायपुर 16 सारागांव, तह. धरसींवा स्थित भूमि खसरा नं. 88/1, 88/8, 90/1, 118/19, 118/20 कुल रकबा 2.793 हे. धारित है। उक्त भूमि में आनलाईन बी-1 तथा राजस्व अभिलेखों में आवेदक का नाम रामकुमार अग्रवाल दर्शित हो रहा है जो कि त्रुटिपूर्ण है। आवेदक का सही नाम रामकुमार अग्रवाला (एच.यू.एफ.) पिता स्व. पूरन मल अग्रवाला है। अतः आवेदक द्वारा उक्त भूमि में अपना सही नाम दर्ज किये जाने का निवेदन किया गया है। आवेदन की पुष्टि में आवेदक द्वारा पंजीकृत बैनामा, नामांतरण पंजी एवं ऋण पुस्तिका की छायाप्रति पेश किया है।

उक्त संबंध में जिस किसी व्यक्ति अथवा संस्था को आपत्ति हो तो स्वयं या अपने अभिभाषक के माध्यम से इस न्यायालय में नियत पेशी दिनांक 02/05/2025 को उपस्थित होकर दावा / आपत्ति प्रस्तुत कर सकते है नियत पेशी दिनांक के बाद प्राप्त दावा / आपत्ति पर विचार नहीं किया जावेगा।

यह ईश्तहार मेरे हस्ताक्षर एवं पदमुद्रा से आज दिनांक 15/04/2025 को जारी किया जाता है।

मुहर

नायब तहसीलदार
उप तहसील सारागांव
जिला-रायपुर (छ.ग.)

**कार्यालय राजस्व निरीक्षक मण्डल खरोरा तहसील खरोरा जिला रायपुर**

**// सूचना पत्र //**

प्रति, जारी दिनांक 22.04.2025

संजीव जैन/रामस्वरूप, अशोक साहू/ पुनाराम साहू, चम्मन लाल अग्रवाल/ गजानंद, शत्रुहन/गजानंद, मोहन अग्रवाल/ गजानंद, दीपक अग्रवाल/ नानकचंद अग्रवाल, कपिल/ केदार अग्रवाल, कबिता साहू/ खेमराज साहू

**विषय:**- आवेदक उषा देवी अग्रवाल पति स्व. उमाशंकर अग्रवाल निवासी रायपुर द्वारा धारित भूमिस्वामी हक की भूमि ग्राम बुड़ेरा प.ह.नं. 47 रा.नि.मं. खरोरा तहसील खरोरा ख.नं. 1/8, 1/9, 1/12, 1/20, 1/21, 1/22, 1/23 रकबा 0.506, 0.506, 0.506, 0.506, 0.506, 0.506, 0.506 हे. भूमि के सीमांकन/बटांकन के संबंध में सूचना।

आपको सूचित किया जाता है कि उपरोक्त विषयांतर्गत भूमि के सीमांकन जो कि विषयांकित आवेदक द्वारा प्रस्तुत किये जाने के उपरांत न्यायालय तहसीलदार खरोरा के आदेशानुसार आवेदक की भूमि का सीमांकन/ बटांकन दिनांक 02.05.2025 को समय 12 बजे पश्चात मेरे द्वारा रखा गया है।

चूंकि आप सभी उल्लेखित खसरा नंबर के बटांकन धारी/समीपस्थ भूमिस्वामी है इसलिए आपका उपस्थिति सीमांकन/बटांकन स्थल पर होना अनिवार्य है एवं सीमांकन/बटांकन के संबंध में किसी भी प्रकार की दावा/आपत्ति हो तो उल्लेखित तिथि को नियत समय तक प्रस्तुत कर सकते हैं। आपकी सूचना उपरान्त अनुपस्थिति में भी सीमांकन/बटांकन कार्य किया जा सकता है। तत्पश्चात किसी भी प्रकार की दावा आपत्ति मान्य नहीं होगी।

राजस्व निरीक्षक
तह. खरोरा जिला - रायपुर

**उद्घोषणा**

क्रमांक 4428/आर.सी./रा.वि.प्रा./2025
रायपुर, दिनांक 24-04-25

प्राधिकरण की डॉ. खूबचंद बघेल, रांवाभाठा ट्रांसपोर्ट नगर योजना के अंतर्गत श्री आशीष मिश्रा आत्मज श्री आर.बी. मिश्रा को ब्लॉक 19 में भूखण्ड क्रमांक SSI-81 क्षेत्रफल 215 वर्गफुट 30 (तीस) वर्षीय पट्टे पर धारित है, आबंटिती के द्वारा उक्त भूखण्ड को फ्रीहोल्ड किये जाने हेतु आवेदन प्रस्तुत किया गया है।

उक्त भूखण्ड को फ्रीहोल्ड किये जाने पर यदि किसी को कोई आपत्ति/ दावा होवें तो इस उदघोषणा प्रकाशन की तिथि से 15 दिन के भीतर अधोहस्ताक्षरकर्ता के समक्ष उपस्थित होकर आपत्ति / दावा प्रस्तुत कर सकते है। निर्धारित अवधि तक कोई आपत्ति / दावा प्रस्तुत नहीं होने पर शासन के प्रचलित नियमों के अनुसार फ्रीहोल्ड की कार्यवाही संपादित करा दी जावेगी। जिसके बाद कोई आपत्ति/दावा ग्राह्य नहीं होगा।

दिनांक............... को जारी।

राजस्व अधिकारी (तहसीलदार)
रायपुर विकास प्राधिकरण,
रायपुर (छ.ग.)

### मनोज को शहर जिला कांग्रेस कमेटी अध्यक्ष बनाने की मांग

**रायपुर।** कांग्रेस पार्टी के कार्यकर्ताओं ने एकजुट होकर प्रदेश अध्यक्ष दीपक बैज को पत्र लिखकर वरिष्ठ कांग्रेस नेता व अधिवक्ता मनोज सिंह ठाकुर की रायपुर शहर जिला कांग्रेस कमेटी अध्यक्ष पद के लिए नियुक्ति की सिफारिश व मांग की है। श्री ठाकुर पिछले 30 वर्षों से पार्टी के प्रति समर्पित व सक्रिय रहे हैं तथा जनहित के मुद्दे उठाते रहे हैं। उनकी साफ-सुथरी छवि मिलनसार व्यवहार और बुद्धिजीविता तथा राजनीतिक समझ के कारण उन्हें इस पद के लिए उपयुक्त मानते हैं। कांग्रेस कार्यकर्ताओं का मानना है कि श्री ठाकुर की अध्यक्षता में कांग्रेस कार्यकर्ताओं का उत्साह बढ़ेगा और इससे पार्टी को और मजबूती मिलेगी।



**उद्घोषणा**

क्रमांक 4425/आर.सी./रा.वि.प्रा./2025
रायपुर, दिनांक 24-04-25

प्राधिकरण की डॉ. खूबचंद बघेल, रांवाभाठा ट्रांसपोर्ट नगर योजना के अंतर्गत श्रीमती सोनी मिश्रा पति श्री आशीष मिश्रा को ब्लॉक 13 में भूखण्ड क्रमांक WIC-39 क्षेत्रफल 2400 वर्गफुट 30 (तीस) वर्षीय पट्टे पर धारित है, आबंटिती के द्वारा उक्त भूखण्ड को फ्रीहोल्ड किये जाने हेतु आवेदन प्रस्तुत किया गया है।

उक्त भूखण्ड को फ्रीहोल्ड किये जाने पर यदि किसी को कोई आपत्ति/ दावा होवें तो इस उदघोषणा प्रकाशन की तिथि से 15 दिन के भीतर अधोहस्ताक्षरकर्ता के समक्ष उपस्थित होकर आपत्ति / दावा प्रस्तुत कर सकते है। निर्धारित अवधि तक कोई आपत्ति / दावा प्रस्तुत नहीं होने पर शासन के प्रचलित नियमों के अनुसार फ्रीहोल्ड की कार्यवाही संपादित करा दी जावेगी। जिसके बाद कोई आपत्ति/दावा ग्राह्य नहीं होगा।

दिनांक............... को जारी।

राजस्व अधिकारी (तहसीलदार)
रायपुर विकास प्राधिकरण,
रायपुर (छ.ग.)









# गरीबों के मकान बनाना ही शुरू नहीं कर पाए निकाय, रायपुर, भिलाई, बिलासपुर, धमतरी के हजार आवास की होगी कटौती

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

छत्तीसगढ़ में राज्य सरकार के नगरीय निकाय क्षेत्रों में रहने वाले गरीबों के लिए प्रधानमंत्री आवास योजना शहरी के अंतर्गत स्वीकृत हुए मकानों का निर्माण समय पर पूरा नहीं हो पाया है। सरकार ने निकायों को बार-बार ये निर्देश दिए कि जो मकान बनना शुरू नहीं हुए हैं यानी अप्रारंभ हैं, उनका निर्माण समय पर शुरू कराया जाए, लेकिन कई निकाय ये काम शुरू ही नहीं कर पाए। अब नौबत ये आ गई है कि रायपुर, भिलाई, बिलासपुर, और धमतरी के एक हजार से अधिक अप्रारंभ आवासों के लिए कटौती प्रस्ताव भेजने कहा गया है। यही नहीं, हालत ये है कि जो मकान पूरे हो गए हैं, उनका आवंटन नहीं हुआ है। पौने पांच हजार से अधिक आवास खाली पड़े हैं।

## अप्रारंभ बनाने शुरू करने कई बार दिए निर्देश पर माना नहीं

### अप्रारंभ मकान सबसे ज्यादा रायपुर और धमतरी में

राज्य के नगरीय निकायों में रायपुर जिले अकेला जिला है जहां इस योजना के तहत 537 मकान अब तक बनना शुरु नहीं हो पाए हैं। इसके बाद के क्रम में धमतरी में 250, बिलासपुर में 174, भिलाई में 56 मकान अप्रारंभ हैं। इस संबंध में नगरीय प्रशासन एवं विकास विभाग ने इन निकायों से कहा है कि 31 मार्च 2025 की स्थिति में जो मकान अप्रारंभ हैं उनका कटौती प्रस्ताव राज्य शासन को भेजा जाए। खास बात ये है कि सरकार ने निकायों को बार-बार निर्देश भेजे कि जो मकान अप्रारंभ हैं, उनका निर्माण जल्द शुरु करें लेकिन निकायों ने निर्देशों के दरकिनार किया।

अलग खबर



### इन निकायों में आवंटन सबसे कम

राज्य के जिन निकायों ने बने हुए मकानों का आवंटन कम संख्या में किया है उनमें पहला नंबर आरंग पालिका का है यहां 116 मकान बने लेकिन केवल 10 में ही आवंटन हुआ है। इनके अलावा कोरबा,रायगढ़, रिसाली, राजनांदगांव, दुर्ग, भिलाई,भिलाई चरौदा, में भी यही हाल है। कोई भी निकाय ऐसा नहीं है जहां आवास पूरा बनने के बाद 100 प्रतिशत आवंटन हुआ हो। राज्यभर में 4 हजार 815 आवास रिक्त यानी खाली हैं।

### ये है मामला

प्रधानमंत्री आवास योजना के लिए राज्य के सभी नगर निगमों और कुछ नगर पालिकाओं के लिए सरकार ने कुल मिलाकर 31 हजार से अधिक आवास स्वीकृत किए थे। इनमें से 18 हजार 339 मकान यानी 59 प्रतिशत मकानों का निर्माण कार्य पूरा हो चुका है। इसके साथ ही 11 हजार 700 आवास के बारे में बताया गया है कि वे प्रगतिरत हैं यानि उनका निर्माण चल रहा है। लेकिन कुल स्वीकृत मकानों में से 1 हजार 17 मकान अब तक बनना ही शुरु नहीं हो पाए हैं। यह जानकारी नगरीय प्रशासन एवं विकास विभाग की समीक्षा बैठक में सामने आई है।

### मकान बना दिया पर आवंटन नहीं

*इस पूरे मामले में एक बड़ी गड़बड़ी ये है कि स्वीकृत मकानों में एक हजार से अधिक बनाना ही शुरु नहीं कर पाए। लेकिन इसकी क्रम में आगे और गड़बड़िया है। जो मकान पूरे हो गए उनका आवंटन भी तय समय में पूरा किया जाना था। लेकिन ये काम भी आधा अधूरा है। बने बनाए मकानों में 17 हजार 457 मकानों का ही आवंटन हुआ है। यानि यह आवंटन केवल 56 प्रतिशत ही हुआ है। इस संबंध में नगरीय प्रशासन एवं विकास विभाग ने कहा है कि बहुतायत नगरीय निकायों में स्वीकृत आवास के विरूद्ध आवंटन की प्रगति संतोषप्रद नहीं हैं। कहा गया है कि ये भी संभव है कि आवास पूरे होने के बाद आवंटन के अभाव में मकान खाली रहेंगे। इसलिए जल्द से जल्द आवंटन शुरु करें।*

## खबर संक्षेप



### खेलकूद स्पर्धा में अदिति और ज्योशिता का उत्कृष्ट प्रदर्शन

**रायपुर।** केंद्रीय विद्यालय क्रमांक-1 की छात्राओं ने केंद्रीय विद्यालय क्रमांक-2 एनटीपीसी में आयोजित तीन दिवसीय क्षेत्रीय खेलकूद प्रतियोगिता में उत्कृष्ट प्रदर्शन किया। अदिति साहू ने 17 वर्ष आयुवर्ग समूह में प्रथम स्थान प्राप्त किया, जबकि जी. ज्योशिता राव ने 19 वर्ष आयुवर्ग समूह में तृतीय स्थान प्राप्त कर विद्यालय का नाम रोशन किया।

### सेंटर ऑफ एक्सीलेंस की स्थापना के लिए 71 करोड़ देने की घोषणा

**रायपुर।** मोतीलाल ओसवाल फाउंडेशन ने एनआईटी रायपुर में सेंटर ऑफ एक्सीलेंस स्थापित करने के लिए 71 करोड़ की प्रतिबद्धता जताई। मोतीलाल ओसवाल फाउंडेशन के अध्यक्ष रामदेव अग्रवाल ने राष्ट्रीय प्रौद्योगिकी संस्थान रायपुर में इनोवेशन एंड एंटरप्रेन्योरशिप इन इंजीनियरिंग एंड टेक्नोलॉजी के लिए सेंटर ऑफ एक्सीलेंस की स्थापना के लिए 71 करोड़ रुपए देने की घोषणा की है। बोर्ड ऑफ गवर्नर्स के अध्यक्ष डॉ. सुरेश के. हावरे, एनआईटी निदेशक प्रो. एनवी रमना राव, कलेक्टर डॉ. गौरव कुमार सिंह, आईएएस अबिनाश मिश्रा के नेतृत्व में सेंटर ऑफ एक्सीलेंस का प्रस्ताव प्रो. समीर बाजपेयी, प्रमुख, डॉ. अनुज शुक्ला, पवन कटारिया, सहायक कुलसचिव द्वारा 4 अप्रैल को मुंबई में प्रस्तुत किया गया था। इस परियोजना को रामदेव अग्रवाल के साथ-साथ फाउंडेशन की निदेशक वेदिका अग्रवाल और मुख्य कार्यपालक अधिकारी महर्षि वैष्णव द्वारा अत्यंत उत्साह के साथ स्वीकार किया गया। इस सहयोग की नींव 3 नवंबर 2024 को रामदेव अग्रवाल की एनआईटी रायपुर यात्रा के दौरान रखी गई थी।

### खान बने सहायक संचालक

**रायपुर।** छत्तीसगढ़ राज्य संपरीक्षा रायपुर-1 के सीनियर ऑडिटर संवृत कर्मचारियों की पदोन्नति सूची 28 अप्रैल को छत्तीसगढ़ शासन वित्त विभाग मंत्रालय रायपुर से जारी की गई। यूएन खान ज्येष्ठ संपरीक्षक (सीनियर ऑडिटर) क्षेत्रीय कार्यालय रायपुर-1 को सहायक संचालक क्षेत्रीय कार्यालय रायपुर-1 में पदस्थ किया गया।



## 2 मई से भाजपा घर-घर जाएगी वक्फ बिल की खूबियां बताने

# वक्फ बिल पर कल भाजपा की कार्यशाला और बुद्धिजीवी सम्मेलन, आएंगे केंद्रीय मंत्री

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

भाजपा के प्रदेश अध्यक्ष किरण देव ने बताया, वक्फ (संशोधन) कानून और मुसलमान वक्फ (निरसन) कानून के संसद में पारित होने के बाद अब पार्टी द्वारा वक्फ सुधार जनजागरण अभियान के अंतर्गत प्रदेश में 1 से लेकर 10 मई तक विभिन्न कार्यक्रमों का आयोजन किया जाएगा। एक मई को जहां प्रदेश स्तर की बड़ी कार्यशाला होगी, जिसमें पूर्व केंद्रीय मंत्री राधा मोहन सिंह शामिल होंगे, वहीं बुद्धिजीवी सम्मेलन में केंद्रीय मंत्री डॉ. जितेन्द्र सिंह मुख्य अतिथि होंगे। कार्यक्रम की अध्यक्षता मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय करेंगे। दो मई से भाजपा के कार्यकर्ता घर-घर वक्फ बिल की खूबियां बताने जाएंगे।

एकात्म परिसर में पत्रकारों से चर्चा करते हुए श्री देव ने बताया, एक मई को दोपहर 3.30 बजे टाउनहाल में होने वाले बुद्धिजीवी सम्मेलन में मुस्लिम और अन्य समुदायों के धार्मिक नेता, डॉक्टर, कलाकार, वकील, शिक्षाविद, महिला कार्यकर्ता, मीडिया प्रमुख और सोशल मीडिया इंफ्लुएंसर को आमंत्रित किया जाएगा। इस सम्मेलन में वक्फ बिल पर चर्चा होगी। केंद्रीय मंत्री वक्फ बिल के बारे में विस्तार से जानकारी देंगे।

### कांग्रेस फैला रही भ्रम

श्री देव ने कहा, वक्फ बोर्ड कानून को लेकर कांग्रेस द्वारा गलत जानकारी देकर भ्रम फैलाने का काम किया जा रहा है। वक्फ बिल की वास्तविकता को लेकर ही हम समाज तक जा रहे हैं। इसका सबसे अधिक नुकसान मुस्लिम समाज को हुआ है। वक्फ की संपति चंद प्रभावशाली लोगों के हाथों में होने की वजह से इस संपत्ति का लगातार गलत उपयोग किया गया।



### होंगे कई कार्यक्रम

श्री देव ने बताया, प्रदेशभर में दस मई तक होने वाले कार्यक्रमों में कई राष्ट्रीय नेता शामिल होंगे। अल्पसंख्यक मोर्चा एवं महिला मोर्चा के नेतृत्व में सम्मेलन आयोजित किए जाएंगे। इसकी अध्यक्षता केंद्रीय नेता करेंगे। वक्फ संशोधन एक प्रगतिशील और महिला-हितैषी सुधार हैं इसके तथ्य रखे जाएंगे। अल्पसंख्यक मोर्चा द्वारा उलेमाओं के साथ बैठकें आयोजित की जाएंगी। बैठक का उद्देश्य सरकार की धार्मिक अधिकारों के प्रति सम्मान की भावना को उजागर करना होगा, साथ ही सामाजिक-आर्थिक सशक्तिकरण पर भी ध्यान केंद्रित किया जाएगा। अल्पसंख्यक मोर्चा के प्रमुख ईसाई नेता, केंद्रीय नेताओं के साथ मिलकर प्रमुख प्रदेशों में ईसाई सद्भाव बैठक आयोजित करेंगे। जनजाति समुदाय संवाद अनुसूचित जनजाति मोर्चा के नेतृत्व में किया जाएगा। प्रमुख जनजातीय हस्तियों, सरपंचों, मुखिया, पुजारियों, शिक्षकों और निर्वाचित पेसा अधिकारियों के साथ बैठकें आयोजित की जाएगी।

### सुबह 10.30 से कार्यशाला

*प्रदेश में जन जागरण अभियान के प्रभारी और वक्फ बोर्ड के अध्यक्ष डॉ. सलीम राज ने बताया, कुशाभाऊ ठाकरे परिसर में एक मई को सुबह 10.30 बजे से होने वाली कार्यशाला में पूर्व केंद्रीय मंत्री राधा मोहन सिंह, प्रदेश के मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय, प्रदेश के सभी मंत्री, भाजपा के प्रदेशाध्यक्ष किरण देव, प्रदेश के संगठन महामंत्री पवन साय, प्रदेश के सभी पदाधिकारी, कोर कमेटी, सभी सांसद, विधायक, नगर निगमों के महापौर, सभापति, नगरपालिका, नगर पंचायतों के अध्यक्ष, उपाध्यक्ष, जिला पंचायतों के अध्यक्ष और उपाध्यक्ष, सभी जनप्रतिनिधि, सभी जिला अध्यक्ष, जिले-संभाग के प्रभारी, मोर्चा के अध्यक्ष, प्रकोष्ठ के संयोजक, जन जागरण अभियान के लिए बनाई गई समिति के सदस्य शामिल होंगे। कार्यशाला में पूर्व केंद्रीय मंत्री राधा मोहन सिंह, मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय, भाजपा के प्रदेशाध्यक्ष किरण देव, संगठन महामंत्री पवन साय, क्षेत्रीय संगठन महामंत्री अजय जामवाल का मार्गदर्शन मिलेगा।*

# राशन दुकानों में समय पर भंडारण नहीं, नान प्रबंधक को नोटिस

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर



जिले की अधिकतर राशन दुकानों में चावल, शक्कर एवं नमक का भंडारण करने में नागरिक आपूर्ति निगम रायपुर द्वारा लापरवाही बरती जा रही है, जिसकी लगातार शिकायतें आ रही थीं। भंडारण नहीं किए जाने के कारण हितग्राहियों को दुकानों से बगैर राशन लिए लौटना पड़ रहा था। इस तरह की ढेरों शिकायतें सुशासन तिहार में भी आई हैं, जिसके बाद कलेक्टर गौरव सिंह ने इस मामले में नागरिक आपूर्ति निगम की जिला प्रबंधक हेलेना तिग्गा को कारण बताओ नोटिस जारी किया है और एक दिन के भीतर जवाब मांगा है। जवाब संतोषजनक नहीं पाए जाने पर उनके खिलाफ नियमानुसार कार्रवाई के लिए संबंधित विभाग के उच्च अधिकारी को पत्र भेजा जाएगा।

### कलेक्टर के समक्ष उपस्थित होकर जवाब प्रस्तुत करने के निर्देश

कलेक्टर ने राशन दुकानों में समय पर खाद्यान्न का भंडारण नहीं करने पर गहरी नाराजगी जताई है। यही कारण है कि उन्होंने अपने निर्देश में स्पष्ट रूप से नान प्रबंधक को उनके समक्ष उपस्थित होकर नोटिस का जवाब प्रस्तुत करने कहा है।

### 31 मार्च तक करना था भंडारण, अब तक नहीं हुआ

*जारी नोटिस में कहा गया है कि अप्रैल का भंडारण सभी शासकीय उचित मूल्य की दुकानों में 31 मार्च तक किया जाना था, लेकिन अभी तक कई राशन दुकानों में शत-प्रतिशत भंडारण नहीं किया गया है, जिसके कारण हितग्राहियों को भी दुकानों में खाद्यान्न नहीं मिल पा रहा है। यही नहीं, मई का भंडारण भी 30 अप्रैल तक दुकानों में किया जाना था, लेकिन अभी तक कई दुकानों में अप्रैल का भंडारण ही किया गया है। ऐसे में इन दुकानों में मई का भंडारण भी अब उसी माह में किया जाएगा। इस तरह दुकानों में खाद्यान्न का भंडारण करने में नान द्वारा भारी लापरवाही बरती जा रही है।*

# कांग्रेस फ्यूज बल्ब, संविधान बचाओ रैली शोभा नहीं देती : मुख्यमंत्री साय

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय ने कांग्रेस पार्टी पर तीखा हमला करते हुए उसे फ्यूज बल्ब करार दिया है। राजस्थान की राजधानी जयपुर पहुंचे मुख्यमंत्री साय ने जयपुर एयरपोर्ट पर संवाददाताओं से बात करते हुए कहा, कांग्रेस अब देश की राजनीति में अप्रासंगिक हो चुकी है। कांग्रेस एक फ्यूज बल्ब बन चुकी है, जिसने देशभर में जनता का विश्वास खो दिया है। अब ये लोग बेतुके बयान देकर खुद को प्रासंगिक रखने की कोशिश कर रहे हैं। मुख्यमंत्री मेहंदीपुर बालाजी मंदिर में दर्शन हेतु राजस्थान के दौरे पर थे, जहां भाजपा कार्यकर्ताओं ने उनका भव्य स्वागत किया। एयरपोर्ट पर अनौपचारिक चर्चा के दौरान उन्होंने कांग्रेस द्वारा जारी किए गए 'गायब' पोस्टर और संविधान बचाओ रैली पर तीखा प्रहार किया। संविधान का सबसे बड़ा अपमान कांग्रेस ने ही किया

■ जिनका खुद का इतिहास संविधान विरोधी रहा, वे संविधान बचाने की बात कर रहे हैं



### राजनीतिक हलचल तेज

*मुख्यमंत्री के तीखे बयान से राजस्थान और छत्तीसगढ़ दोनों राज्यों के राजनीतिक गलियारों में हलचल तेज हो गई है। विधानसभा चुनावों के पूर्व भाजपा और कांग्रेस के बीच सियासी बयानबाजी अपने चरम पर है। मुख्यमंत्री के इस बयान को भाजपा की आक्रामक रणनीति का हिस्सा माना जा रहा है, जिसका उद्देश्य कांग्रेस को उसके पुराने कार्यकालों की याद दिलाकर कटघरे में खड़ा करना है।*

कांग्रेस की ओर से हाल ही में आयोजित संविधान बचाओ रैली पर प्रतिक्रिया देते हुए मुख्यमंत्री ने कहा, संविधान को सबसे ज्यादा खतरा कांग्रेस ने ही पहुंचाया है। देश में आपातकाल लगाकर लोकतंत्र की हत्या किसने की। गैर-कांग्रेसी दलों के नेताओं को जेल में किसने डाला। अपने राजनीतिक स्वार्थ के लिए इन्होंने कई बार संविधान में संशोधन किया। उन्होंने कहा, जो लोग खुद संविधान का दुरुपयोग करते रहे हैं, उन्हें संविधान बचाने की बात करना शोभा नहीं देता। यह केवल दिखावा है, जनता सब देख और समझ रही है।

### कैबिनेट आज

**रायपुर।** मुख्यमंत्री विष्णु देव साय की अध्यक्षता में 30 अप्रैल को सुबह 11.30 बजे कैबिनेट की बैठक मंत्रालय में होगी। कैबिनेट की बैठक में राज्य सरकार नई स्थानांतरण पालिसी पर चर्चा कर उसे मंजूरी दे सकती है। वहीं बीएड शिक्षकों के समायोजन को लेकर चर्चा की जाएगी। बताया जाता है कि शिक्षक और पंचायत सचिवों के मामले पर भी कैबिनेट में चर्चा होगी। साथ ही प्रदेश में गर्मी के चलते पेयजल की स्थिति और निस्तारी के पानी को लेकर किए जा रहे प्रयासों पर चर्चा की जाएगी। वहीं अन्य मुद्दे भी बैठक में आने की संभावना है।

## ग्राम गातापारा में जोगी की प्रतिमा लगाएंगे ग्रामीण, जयंती कार्यक्रम में शामिल होने जोगी परिवार पहुंचा

**रायपुर।** छत्तीसगढ़ के प्रथम मुख्यमंत्री स्व. अजीत जोगी की 79 वीं जयंती के अवसर पर ग्राम गातापारा, अभनपुर में रायपुर जिला ग्रामीण जनता कांग्रेस छत्तीसगढ़ जे द्वारा जिला अध्यक्ष माखन ताम्रकार के अगवाई में एक श्रद्धांजलि समारोह आयोजित किया गया। इस अवसर पर ग्राम गातापार के ग्रामीणों ने स्व. अजीत जोगी की प्रतिमा लगाने का निर्णय लिया है। पार्टी की राष्ट्रीय अध्यक्ष डॉ. रेणु जोगी, प्रदेश अध्यक्ष अमित जोगी, ऋचा जोगी ग्राम गातापारा पहुँचे और जयंती कार्यक्रम में शामिल हुए। इस अवसर पर स्व. जोगी के व्यक्तित्व, राजनीतिक योगदान और छत्तीसगढ़ के विकास में उनकी भूमिका को याद किया गया। उन्होंने कहा, मेरे पिता का जीवन छत्तीसगढ़ की जनता के प्रति समर्पण और सामाजिक न्याय के संघर्ष का प्रतीक है। आज के दिन हम संकल्प लेते है, हम उनके सिद्धांतों को आगे बढ़ाने के लिए प्रतिबद्ध हैं।





# कमिश्नर कावरे लेंगे आज कलेक्टरों की बैठक, भारतमाला घोटाले पर होगी बात

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

रायपुर संभाग के कमिश्नर एमडी कावरे बुधवार को रायपुर में अपने संभाग के कलेक्टरों के साथ बैठक करने वाले हैं। बताया गया है कि इस बैठक में भारत माला सड़क परियोजना घोटाले के संबंध में भी चर्चा होगी। इसके साथ ही सुशासन तिहार, राजस्व मामलों की प्रगति को लेकर भी बातचीत होगी। बैठक में संभाग के सभी कलेक्टर, जिला पंचायतों के सीईओ, और नगर निगमों के के आयुक्त शामिल होंगे। बताया गया है कि इस बैठक में भारत माला सड़क परियोजना से संबंधित घोटाले के बारे में कलेक्टरों से जानकारी ली जाएगी। खास बात ये है कि करीब साढ़े तीन सौ करोड़ के इस घोटाले के संबंध में कमिश्नर श्री कावरे ने संबंधित अधिकारियों से रिपोर्ट मंगवाई है। यह रिपोर्ट फिलहाल शासन को नहीं मिली है। इसी बीच ये जानकारी भी मिली है कि मुआवजा प्रकरण में एक बार फिर दावा आपत्ति मंगाने की तैयारी की जा रही है। जो दावे सामने आएंगे, उनका परीक्षण किया जाएगा और जो दावे परीक्षण में सही नहीं पाए जाएंगे, उन्हें निरस्त कर दिया जाएगा।


### सुशासन व राजस्व मामलों पर भी बात

इस बैठक में संभाग के कलेक्टरों से राज्य शासन द्वारा चलाए जा रहे सुशासन तिहार के संबंध में जानकारी ली जाएगी। इस अभियान का तीसरा और सबसे महत्वपूर्ण दौर 5 मई से शुरू होने वाला है। इस दौरान गांव-गांव में समाधान शिविर लगाए जाएंगे। खुद मुख्यमंत्री किसी भी शिविर में अचानक पहुंचेंगे। इसी तरह कमिश्नर की बैठक में संभाग के राजस्व संबंधी मामलों पर भी बात होगी। संभाग के जिलों में बड़ी संख्या में राजस्व संबंधी मामले लंबित हैं।











# परशुराम शब्द का अर्थ

परशुराम दो शब्दों से मिलकर बना हुआ है, परशु अर्थात "कुल्हाड़ी" तथा "राम" इन दो शब्दों को मिलाने पर "कुल्हाड़ी के साथ राम" अर्थ निकलता है, जैसे राम, भगवान विष्णु के अवतार हैं, उसी प्रकार परशुराम भी विष्णु के अवतार हैं. इसलिए परशुराम को भी विष्णुजी तथा रामजी के समान शक्तिशाली माना जाता है।

परशुराम के अनेक नाम हैं, इन्हें रामभद्र, भार्गव, भृगुपति, भृगुवंशी (ऋषि भृगु के वंशज), जमदग्न्य (जमदग्नि के पुत्र) के नाम से भी जाना जाता है।



परशुराम है प्रतीक प्यार का, राम है प्रतीक सत्य सनातन का
इस प्रकार परशुराम का अर्थ है पराक्रम के कारक और सत्य के धारक,
**जय श्री परशुराम.**




## विष्णु भगवान के छठे अवतार
## भगवान परशुराम जन्मोत्सव एवं अक्षय तृतीया की हार्दिक बधाई...





























# स्वास्थ्य सेवाओं की समीक्षा, कहा- मातृ-शिशु मृत्युदर में कमी लाने ठोस योजना बनाएं

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

स्वास्थ्य सचिव अमित कटारिया ने मंगलवार को प्रदेश की स्वास्थ्य सेवाओं की समीक्षा की। उन्होंने चिकित्सक सहित अन्य अधिकारियों से संवेदनशील होकर लोगों तक स्वास्थ्य सुविधा पहुंचाने पर जोर दिया। इस दौरान सतत निगरानी और समुचित देखभाल के जरिए मातृ एवं शिशु मृत्यदर में कमी लाने पर जोर दिया।

राजधानी के न्यू सर्किट हाउस में तमाम जिलों के सीएमएचओ सहित स्वास्थ्य संचालनालय से जुड़े अधिकारियों के साथ बैठक कर स्वास्थ्य सचिव ने कार्यों की समीक्षा की। उन्होंने कहा कि प्रदेश में संसाधनों की कमी नहीं है, इसलिए स्वास्थ्य सेवा में निरंतर सुधार सुनिश्चित किया जाए। उन्होंने लक्ष्य आधारित कार्य प्रणाली अपनाकर काम करने का निर्देश दिया। कटारिया ने मातृत्व एवं शिशु स्वास्थ्य पर विशेष ध्यान देने की जरूरत बताई। उन्होंने उच्च जोखिम वाली गर्भवती महिलाओं की सतत निगरानी एवं समुचित देखभाल सुनिश्चित कर मातृ एवं शिशु मृत्यु दर में प्रभावी कमी लाने के लिए ठोस कार्ययोजना अपनाने पर बल दिया। इसके अलावा टीबी, मिज़ल रूबेला, मलेरिया और कुष्ठ रोग को त्वरित लक्ष्य के रूप में चिन्हित करते हुए इनके उन्मूलन के लिए प्रभावी एवं ठोस कार्यवाही करने कहा। बैठक के दौरान आयुक्त सह संचालक, स्वास्थ्य सेवाएं डॉ प्रियंका शुक्ला ने चिकित्सा अधिकारियों, खंड चिकित्सा अधिकारियों एवम अन्य स्वास्थ्य अमले की समय-समय पर प्रशिक्षण व्यवस्था सुनिश्चित करने के निर्देश दिए हैं।

## स्वास्थ्य सचिव अमित कटारिया ने दिए निर्देश

### वेतन में देर का मामला उठा

बैठक के दौरान राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन के अंतर्गत काम करने वाले कर्मचारियों के वेतन भुगतान में हो रही देर का मामला भी सामने आया। इसकी वजह से निचले वर्ग के कर्मचारियों की आर्थिक स्थिति प्रभावित होने की बात भी सामने आई है। इस पर आयुक्त सह संचालक स्वास्थ्य सेवाएं डा. प्रियंका शुक्ला ने वेतन में होने वाली लेटलतीफी को दूर करने के निर्देश भी दिए।





**ये रहे उपस्थित :** बैठक में महामारी नियंत्रण के संचालक डॉ. एसके पामभोई तथा संयुक्त संचालक प्रेमलता चंदेल सहित सभी जिलों के सीएमएचओ, संभागीय संयुक्त संचालक, उप संचालक एवं जिला कार्यक्रम अधिकारी उपस्थित रहे।

## बिजनेस साइट

### श्री रावतपुरा सरकार यूनिवर्सिटी में दो दिवसीय राष्ट्रीय सम्मेलन



**रायपुर।** श्री रावतपुरा सरकार यूनिवर्सिटी के पुस्तकालय एवं सूचना विज्ञान विभाग के तत्वावधान में 'अनुसंधान डेटा प्रबंधन के तकनीकी और नैतिक आयामः डिजिटल फ्रंटियर को नेविगेट करना (टीईडीआरडीएम-2025)' विषय पर दो दिवसीय राष्ट्रीय सम्मेलन का भव्य आयोजन किया गया। यह सम्मेलन कोलकाता स्थित राजा राममोहन राय लाइब्रेरी फाउंडेशन द्वारा प्रायोजित था। सम्मेलन का उद्घाटन पं. रविशंकर शुक्ल विश्वविद्यालय रायपुर के पूर्व कुलपति प्रो. एसके पांडे ने किया। उन्होंने अपने वक्तव्य में कहा कि शोध के क्षेत्र में डिजिटल तकनीक की भूमिका दिनो-दिन बढ़ती जा रही है, जिससे शोध की गुणवत्ता और पहुंच दोनों में व्यापक परिवर्तन आया है। साथ ही उन्होंने शोध में नैतिकता की अनिवार्यता पर विशेष बल दिया। सम्मेलन में मुख्य अतिथि के रूप में प्रो. एपी सिंह शामिल हुए। उन्होंने राष्ट्रीय शिक्षा नीति 2020 के उद्देश्यों की व्याख्या करते हुए कहा कि मजबूत सार्वजनिक पुस्तकालय प्रणाली ही ज्ञान-आधारित समाज का आधार है।

### कृष्णा विकास समूह ऑफ इंस्टीट्यूशंस ने धूमधाम से मनाया 24वां स्थापना दिवस



**रायपुर।** कृष्ण विकास समूह ऑफ इंस्टीट्यूशंस ने अपने 24वें स्थापना दिवस को संस्थान के अध्यक्ष दासारी मुरली कृष्ण के जन्मदिन के साथ भव्यता और उल्लास के साथ मनाया। यह कार्यक्रम संस्थान की शैक्षणिक, सांस्कृतिक और सामाजिक उपलब्धियों को समर्पित रहा। समारोह की शुरुआत स्वागत भाषण से हुई, जिसमें समूह निदेशक डॉ. एसएन पांडा ने संस्थान की दो दशक से अधिक की यात्रा, विकास और उपलब्धियों पर प्रकाश डाला। इस अवसर पर संस्थान के रायपुर परिसर के विकास और शैक्षणिक प्रगति पर आधारित एक लघु फिल्म भी प्रदर्शित की गई। इस अवसर पर अध्यक्ष दासारी मुरली कृष्ण, प्रबंध निदेशक विवेक दासारी, प्रबंध ट्रस्टी डी. राम तुलसी, कार्यकारी निदेशक डॉ. जवाहर सूरीसेट्टी, प्राचार्य डॉ. डीएन देवांगन सहित कई गणमान्य अतिथि मौजूद रहे।

### निराकार मल्टीस्पेशलिटी हॉस्पिटल की ओर से स्वास्थ्य शिविर आज

**रायपुर।** कंकाली पारा रोड पुरानी बस्ती स्थित निराकार मल्टीस्पेशलिटी हॉस्पिटल द्वारा आज ग्राम अंवरी जिला धमतरी में एक दिवसीय निशुल्क स्वास्थ्य शिविर का आयोजन किया जा रहा है।




हॉस्पिटल के चेयरमैन डॉ. एलके निर्मलकर ने जानकारी दी कि इस शिविर में विभिन्न विशेषज्ञ डॉक्टरों की टीम मरीजों की जांच करेगी। शिविर में जनरल सर्जरी, पेट व लिवर रोग, स्त्रीरोग, कैंसर, हड्डीरोग, शिशुरोग तथा हृदयरोग जैसी प्रमुख बीमारियों की जांच की जाएगी। इसके साथ ही निशुल्क ओपीडी की सुविधा दी जा रही है। पैथोलॉजी और मेडिकल पर 50% की छूट, भर्ती पर बेड चार्ज में 50% की राहत, साथ ही ईसीजी, एक्स-रे और सोनोग्राफी पर विशेष छूट दी जा रही है। शिविर में डॉ. सुरेंद्र जायसवाल, डॉ. राकेश प्रधान, डॉ. महेंद्र दुवारे, डॉ. मनोज पोपटानी, डॉ. एनडी गरड़, डॉ. दिशा ठाकुर क्षत्रिय, डॉ. हिमानी पुन्सी, डॉ. राहुल स्वरूप सिंह, डॉ. संतोष कुमार, डॉ. श्रीकांत सनाड्य और डॉ. गोविंद पाल अपनी विशेषज्ञ सेवाएं प्रदान करेंगे।

### शिक्षा इलेक्ट्रिक व्हीकल्स ने अक्षय तृतीया पर पेश किया खास ऑफर

**रायपुर।** अक्षय तृतीया के पावन पर्व पर रायपुरवासियों के लिए खुशखबरी है। भनपुरी चौक, कबीर नगर स्थित शिक्षा इलेक्ट्रिक व्हीकल्स ने अपने ग्राहकों के लिए विशेष ऑफर की घोषणा की है। अब मात्र 45 हजार रुपए से शुरू होकर ग्राहक अपना खुद का इलेक्ट्रिक वाहन घर ला सकते हैं। इस खास मौके पर कंपनी ने छत्तीसगढ़ में पहली बार 200 किलोमीटर तक चलने वाली दमदार इलेक्ट्रिक गाड़ी पेश की है, जिसकी कीमत मात्र 99990 रुपए रखी गई है। यह ऑफर सीमित समय के लिए है और अक्षय तृतीया पर ग्रीन मोबिलिटी को प्रोत्साहित करने की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम माना जा रहा है।

## खबर संक्षेप



### कैट ने मूणत को जन्मदिन की बधाई दी

रायपुर। कंफेडरेशन ऑफ ऑल इंडिया ट्रेडर्स के पदाधिकारियों ने पूर्व मंत्री और रायपुर पश्चिम विधायक राजेश मूणत से मुलाकात की। राष्ट्रीय वाइस चेयरमैन अमर पारवानी के नेतृत्व में प्रदेश अध्यक्ष जितेन्द्र दोशी, कार्यकारी अध्यक्ष विक्रम सिंहदेव, परमानन्द जैन सहित प्रतिनिधी मंडल ने राजेश मूणत को जन्मदिन की हार्दिक बधाई दी। साथ ही उनके दीर्घायु जीवन की कामना की।

### युक्तियुक्तकरण नीति विसंगतिपूर्ण, 2008 के सेटअप का हो पालन

रायपुर। छत्तीसगढ़ टीचर्स एसोसिएशन के प्रदेश अध्यक्ष संजय शर्मा ने कहा, युक्तियुक्तकरण की दोषपूर्ण नीति से शिक्षा विभाग में शिक्षा की गुणवत्ता गिरेगी। अतिशेष शिक्षकों के समायोजन की सोच शिक्षा विभाग की सही है, लेकिन शिक्षा विभाग इस बात का जवाब दे कि शाला के सेटअप हेतु निर्धारित पद के अतिरिक्त पोस्टिंग करने वाले अधिकारी कौन हैं? अधिकारियों ने गलती क्यों की? क्या ऐसे अधिकारियों को चिन्हांकित कर कार्रवाई की जाएगी? जिन्होंने शाला विशेष में पद रिक्त नहीं होने के बाद भी पदोन्नति या ट्रांसफर में ज्यादा संख्या में शिक्षकों को पदस्थ किया। किसी भी शाला में सेवारत शिक्षकों का कोई दोष नहीं है, क्योंकि उनकी पदस्थापना शिक्षा विभाग के अधिकारियों द्वारा ही की गई है। सेटअप के विपरीत युक्तियुक्तकरण का नियम शिक्षकों को स्वीकार नहीं है। सेटअप शिक्षा विभाग की शालाओं में पद का मूल आधार है। अतः 2008 को जारी सेटअप का समुचित क्रियान्वयन हो।

# भूपेश ने कहा- जबरदस्ती सरपंचों को डराकर कराया जा रहा निर्णय

वन नेशन वन इलेक्शन पर भाजपा सरकार को घेरा

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

पूर्व मुख्यमंत्री भूपेश बघेल ने वन नेशन वन इलेक्शन को लेकर निगमों में प्रस्तावों पर बीजेपी सरकार को घेरा है। उन्होंने कहा, यह निर्णय जबदस्ती सरपंचों को डराकर कराया जा रहा है। उन्होंने आरोप लगाया कि सरकार जनता का ध्यान भटकाने के लिए यह कदम उठा रही है। उन्होंने कहा, नियमित समय में अगर नगर पालिका चुनाव नहीं करा पाए, तो राष्ट्रीय चुनावों में क्या करेंगे?

- समय पर नगर पालिका चुनाव नहीं करा पाए, राष्ट्रीय चुनाव क्या कराएंगे

पूर्व मुख्यमंत्री भूपेश बघेल ने कहा, प्रदेश में भीषण गर्मी पड़ रही है, जिसके चलते भू-जल स्तर बहुत नीचे जा रहा है। गांव हो या शहर हो, बोरवेल सूख रहा है। सरकार सुशासन तिहार की बात कह रही है, लेकिन बिजली की आपूर्ति लचर एवं बेहद खराब है। बिजली कटौती बहुत हो रही है, जिसकी कोई सीमा नहीं है। आम जनता पेयजल के भीषण संकट का सामना कर रही है। वहीं किसान अपनी फसल बचाने के लिए जूझ रही है, हजारों एकड़ फसल बर्बाद हो गई है।



### सीएम को बैकफुट पर रखा

रायपुर में आईबी प्रमुख तपन डेका की हाई लेवल मीटिंग को लेकर भूपेश बघेल ने कहा, पहलगाम में हुए हमले के बाद गृहमंत्री अमित शाह बैकफुट पर हैं। अब इसमें आगे आ रहे हैं। उन्होंने आगे कहा, वैसे तो यूनिफाइड कमांड के अध्यक्ष मुख्यमंत्री होते हैं, पर केंद्रीय गृहमंत्री द्वारा मुख्यमंत्री को बैकफुट पर रखा गया है।

### प्रदेश में चल रहा ट्रांसफर उद्योग

पूर्व मुख्यमंत्री भूपेश बघेल ने राज्य में हो रहे ट्रांसफरों को लेकर तंज कसते हुए कहा, राज्य में ट्रांसफर उद्योग चल रहा है। ट्रांसफर करो और बंद करो, डबल इंजन की सरकार है, सब लोग वसूली करने में लगे हुए हैं।

### नक्सली ऑपरेशन पर बघेल का बयान

प्रदेश में नक्सलवाद के खिलाफ चलाए जा रहे संयुक्त ऑपरेशन पर भूपेश बघेल ने कहा, नक्सली पहले भारत के संविधान में विश्वास व्यक्त करें, फिर चर्चा होनी चाहिए।

### पाकिस्तानियों की जांच पर साधा निशाना

भूपेश बघेल ने पाकिस्तानियों की जांच को लेकर भाजपा पर तंज कसते हुए कहा, भाजपा की यह स्थिति है कि केंद्र ने पाकिस्तानियों की जांच के लिए बोला है, लेकिन मुख्यमंत्री और उपमुख्यमंत्री के बयानों में एकता नहीं है। भाजपा पहले बताएं कि कितने लोगों की जांच की गई? क्या कुछ कार्रवाई की गई है। मामले पर मौन क्यों साधे हैं? आल पार्टी मीटिंग में झूठ भी बोल रही है।

## पेज 11 के शेष ...

### बायोमेडिकल इंजीनियर ने...

शारदा इंड्रस्ट्रीज की दर 95 फीसदी तय की गई। मोक्षित कार्पोरेशन का रेट 80 फीसदी तय किया, जिससे वह एल-1 हो गया। सभी मशीनें क्लोज सिस्टम और अलग-अलग मेक मॉडल की थीं, मगर तीनों कंपनियों की टेंडर प्रक्रिया का पैटर्न एक था, जिसे विवेचना में अस्वाभाविक माना गया।

### माना में ओले...

साथ ओलावृष्टि हुई। इस अवधि में रायगढ़ में भी तेज बारिश हुई। विशेषज्ञों का तर्क है कि संभवतः 4-5 मई तक इसी तरह की स्थिति बने रहने की संभावना है।

### आईबी चीफ ने की...

आधार पर माना जा रहा है कि आईबी प्रमुख की यह गोपनीय बैठक केवल सामान्य प्रक्रिया के तहत न होकर किसी बड़ी रणनीति को बनाने और उसके अमल पर केंद्रित रही है। बैठक में छत्तीसगढ़ में अब तक हुए ऑपरेशन की अब तक की प्रगति, भविष्य की रणनीति और संभावित चुनौतियों पर मंथन होने की बात सामने आई है। हालांकि अभी तक इस बैठक को लेकर कोई आधिकारिक बयान सामने नहीं आया है।

### हिरण के सिर सींग के...

पकड़े गए दोनों आरोपी पुराने तस्कर हैं, जो जानवरों का शिकार करने के साथ अवशेषों को बेचा करते हैं। पुलिस ने दोनों को 14 दिन रिमांड पर देने की मांग की थी लेकिन कोर्ट से आरोपियों को जमानत मिलने की खबर है। पुलिस का कहना है कि मामले की जांच जारी रहेगी। वन विभाग रायपुर के रेंजर दीपक तिवारी ने बताया कि उड़नदस्ता टीम को सूचना मिली कि मोवा इलाके में हिरण के अवशेष की तस्करी की जा रही है। इस सूचना पर उड़नदस्ता तत्काल सक्रिय हुआ और मौके पर पहुंचा। इस दौरान एक स्कूटी में सवार दो लोगों को एक सफेद रंग की प्लास्टिक बोरी में हिरण के अवशेष ले जाते पकड़ा। बोरी में हिरण के दो सींग एवं एक सिर था। टीम ने हिरण के अवशेष अपने कब्जे में लेकर दोनों आरोपियों को गिरफ्तार किया। पूछताछ में आरोपियों की पहचान यासिर खान और फराज खान के रूप में की गई है। दोनों मोवा के ही निवासी है। इस कार्रवाई के दौरान विभाग के अधिकारी-कर्मचारी जब यासिर और फराज को पकड़कर गाड़ी में बैठाने लगे, तो इस पर दोनों कार्रवाई का विरोध करते हुए गाड़ी में बैठने से मना करने लगे। इस दौरान एक आरोपी ने टीम के अधिकारी के साथ धक्कामुक्की कर भागने का भी प्रयास किया। वन विभाग की इस कार्रवाई का विडियो भी सामने आया है।

# एनएचएम के संविदा कर्मचारी 1 मई को करेंगे स्वास्थ्य भवन का घेराव

**रायपुर।** राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन के संविदा कर्मचारी अपने लंबित मांगों को लेकर 1 मई को नवा रायपुर स्थित स्वास्थ्य भवन का घेराव करेंगे। समय पर वेतन नहीं मिलने, संविलयन, ग्रेड पे स्केल निर्धारण की मांग को लेकर लामबंद कर्मचारी प्रदर्शन करेंगे। संविदा स्वास्थ्य कर्मचारियों का कहना है कि जुलाई 2023 के विधानसभा में घोषित 27 फीसदी की वेतन की राशि अब तक उन्हें नहीं मिली है, जबकि कई विभागों में यह राशि प्रदान कर दी गयी है। एनएचएम के संविदा कर्मचारी 1 मई को नवा रायपुर में स्वास्थ्य भवन का घेराव करेंगे। संघ के प्रदेश अध्यक्ष डॉ. अमित कुमार मिरी ने कहा है कि मणिपुर, मध्यप्रदेश, तमिलनाडू जैसे राज्यों में नियमितीकरण और मेडिकल अवकाश की सुविधा दी गई है, लेकिन छत्तीसगढ़ के एनएचएम के संविदा कर्मचारी इससे अछूते रहे हैं। समय पर वेतन भुगतान नहीं होने से कर्मचारियों में आक्रोश व्याप्त है।













